सभी देशवासियों को छोटी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

करंट क्राइम

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। रविवार 19 अक्टूबर-2025 | वर्ष : 10 अंक : 300 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3

20 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा दीपावली का पर्व

नई दिल्ली। हर साल की तरह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी दिवाली का त्योहार देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। दिवाली प्रकाश का पर्व है और इसे दीपावली भी कहा जाता है। दिवाली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद वापिस अयोध्या आए थे।

इस बार दिवाली की तिथि को लेकर लोग असमंजस में हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस बार दिवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी तो वहीं कुछ लोग 21 अक्टूबर को दिवाली की सही तारीख बता रहे हैं। तो आइए कुछ खास ज्योतिर्विदों से जानते हैं कि दिवाली किस दिन मनाना फलदायी होगा और साथ ही दिवाली की सही डेट क्या है और लक्ष्मी-गणेश पूजन का मुहूर्त क्या रहेगा।

दीपावली का त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि की शुरूआत 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में अमावस्या की तिथि के अनुसार कुछ विद्वान या पंडित दिवाली 20 अक्टूबर को मनाने की सलाह दे रहे हैं तो वहीं कुछ 21 अक्टूबर को दिवाली मनाने के पक्ष में हैं।

ज्योतिर्विदों के मुताबिक, दरअसल दिवाली की प्रदोष काल व्यापिनी तिथि 20 अक्टूबर को ही प्राप्त हो रही है। वहीं, 21 अक्टूबर को तीन प्रहर से अधिक अमावस्या और साढ़े तीन प्रहर से अधिक प्रतिपदा होने के कारण उस दिन लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसी कारण, 20 अक्टूबर को ही दीपावली का पर्व मनाया जाएगा।

दिवाली 2025 लक्ष्मी गणेश पूजन मुहूर्त : इस बार दिवाली पर पूजन के लिए दो मुहूर्त मिलेंगे। पहला शुभ मुहूर्त प्रदोष काल में है। इस दिन प्रदोष काल शाम 05 बजकर 46 मिनट से रात्रि 08 बजकर 18 मिनट के बीच रहेगा, जिसमें वृषभ काल शाम 7 बजकर 08 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 03 मिनट तक रहेगा। इसमें भी मां लक्ष्मी का पूजन किया जा सकता है।

इसके अलावा, लक्ष्मी पूजा के लिए सबसे खास शुभ मुहूर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से शाम 08 बजकर 18 मिनट के बीच का रहेगा। यानी लक्ष्मी पूजन के लिए आपको 1 घंटे 11 मिनट का समय मिलेगा।

दिवाली पूजन विधि : दिवाली पर पूर्व दिशा या ईशान कोण में एक चौकी रखें। चौकी पर लाल या गुलाबी वस्त्र बिछाएं। पहले गणेश जी की मूर्ति रखें। फिर उनके दाहिने ओर लक्ष्मी जी को रखें। आसन पर बैठें और अपने चारों ओर जल छिड़क लें। इसके बाद संकल्प लेकर पूजा आरम्भ करें। एक मुखी घी का दीपक जलाएं। फिर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश को फूल और मिठाइयां अर्पित करें।

इसके बाद सबसे पहले गणेश और फिर मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें। अंत में आरती करें और शंख ध्वनि करें। घर में दीपक जलाने से पहले थाल में पांच दीपक रखकर फूल आदि अर्पित करें। इसके बाद घर के अलग-अलग हिस्सों में दीपक रखना शुरू करें। घर के अलावा कुएं के पास और मंदिर में दीपक जलाएं। दीपावली का पूजन लाल, पीले या चमकदार रंग के वस्त्र धारण करके करें। काले, भूरे या नीले रंग से परहेज करें।

लुधियाना से दिल्ली जा रही गरीब रथ ट्रेन में लगी आग, पंजाब के सरहिंद स्टेशन पर हुआ हादसा

पंजाब के सरहिंद स्टेशन पर सुबह अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के एक कोच में आग लग गई। रेलवे और पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यात्रियों को सुरक्षित अन्य डिब्बों में शिफ्ट किया और आग पर काबू पा लिया. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

लुधियाना। लुधियाना से दिल्ली जा रही अमृतसरझसहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन (नंबर - 12204) में शनिवार सुबह सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास आग लगने की घटना सामने आई। ट्रेन सरहिंद स्टेशन से निकलकर मुश्किल से आधा किलोमीटर आगे बढ़ी ही थी कि यात्रियों ने एक कोच से धुआं उठते देखा। तुरंत ट्रेन को रोका गया और रेलकर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया।

स्थानीय पुलिस अधिकारी के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे की टीमें मौके पर पहुंच गईं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि, एक महिला यात्री घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 7 ।30 बजे हुई। जैसे ही आग का पता चला, रेलवे कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित डिब्बे को खाली कराया और फायर टीमों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि आग सीमित हिस्से में थी और उसे जल्द ही बुझा लिया गया।

रेलवे के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि, अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस (12204) के एक कोच में सरहिंद स्टेशन पर आग देखी गई। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत यात्रियों को अन्य कोचों में शिफ्ट किया और आग बुझा दी गई। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन जल्द ही अपने गंतव्य की ओर रवाना होगी।

फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। रेलवे और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं और ट्रैक को फिर से चालू करने की प्रक्रिया चल रही है। यात्रियों को थोड़ी देरी के बाद ट्रेन को फिर से रवाना करने की तैयारी की जा रही है।

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र पर पार्किंग के बाद अब गहराया बुकिंग का विवाद

सांसद प्रतिनिधि ने कहा, पैसे देकर करायी है बुकिंग तो वो कैंसिल समझो

गाजियाबाद (करंट क्राईम)। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र का विवाद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पर सबसे पहले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि ने ये दावा किया कि वो इस केन्द्र के अध्यक्ष हैं। इसके बाद यहां शहर विधायक ने लैटर लिखा तो उन्होंने राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को अध्यक्ष माना और जीडीए वाले पत्राचार में राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले ही अध्यक्ष घोषित हो रहे हैं। अध्यक्ष कौन है ये जांच का विषय है यहां प्रमुख विषय है कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने यहां निशुल्क पार्किंग के लिए लिखा और फिर इसके बाद विवाद 25 रुपए वाली पार्किंग से शुरू हुआ और थाने तक आ गया। राजेन्द्र मित्तल ने एफआईआर लिखवाई और फिर उन्होंने यहां किसी भी पार्किंग को शुल्क वसूलने के मामले में अवैध घोषित किया। पार्किंग के बाद अब मामला यहां होने वाले कार्यक्रमों की बुकिंग तक आ गया है। सबसे खास बात ये है कि इस लड़ाई में उन लोगों ने कार्यक्रम पर संकट क बादल मंडरा गये हैं। जिन्होंने यहां शुल्क देकर बुकिंग कराई। खुद को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र का अध्यक्ष बताने वाले राजेन्द्र मित्तल मैदी ने यहां होने वाले किसी भी कार्यक्रम को लेकर एलान कर दिया है कि यह जमीन ऐसे बुक नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुझे ये सूचना मिली है कि यहां किसी ने खाटूश्याम जी भजन संध्या के लिए मैदान बुक कराया है। उन्होंने कहा है कि मैं कार्यक्रम के आयोजकों को एडवांस में ये सूचना दे रहा हूं कि यहां होने वाला कोई भी कार्यक्रम वैध नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि ये बुकिंग अवैध है। यहां किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने की अनुमति मैं नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि जिन भी लोगों ने आयोजकों से शुल्क लेकर उन्हें यदि रसीद दी है तो ये रसीद फर्जी है। भविष्य मे भी यदि कोई व्यक्ति यहां अपने कार्यक्रम की बुकिंग करवाता है तो वह अपने रिस्क पर करवाये। पूर्व में की गयी सभी बुकिंग कैंसिल की जाती है। वहीं इस संबंध में संस्था के महासचिव जगत प्रकाश और अजय राज से सम्पर्क करने की कोशिश की गयी लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया। फिलहाल यहां उन लोगों के लिए मुसिबल बढ़ गयी है जिन्होंने यहां पैसे देकर रसीद कटवाई और तिथि घोषित कर चुके हैं। अध्यक्ष वाले विवाद में जीडीए से लेकर पुलिस भले ही किसी कापक्ष ले लेकिन कार्यक्रम आयोजकों के लिए एन मौक पर ये एक नई समस्या आ गयी है।

क्या सीन में होने वाली है कांग्रेस की एंट्री

करंट क्राइम। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के संस्थापक स्वर्गीय एनडी तिवारी रहे। एनडी तिवारी कांग्रेस के नेता थे और वो तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। केन्द्र सरकार में वो वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री, श्रम मंत्री, विदेश व्यापार मंत्री रहे। वो उत्तराखण्ड के सबसे पहले मुख्यमंत्री चुने गये। वो आन्ध्रप्रदेश के राज्यपाल भी रहे। अब जब उनके द्वारा स्थापित केन्द्र के मैदान को लेकर घमासान हो रहा है तो सूत्र बताते हैं कि सीन में कांग्रेस की एंट्री होने वाली है। ये मामला राजनीतिक तूल पकड़ सकता है और सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के नेता भी अब रणनीति तैयार कर रहे हैं। मामला कोर्ट वाले गलियारों में आ सकता है।

आरडीसी में खुद कमिश्नर ने संभाली सुरक्षा वाली कमान

धनतेरस पर शहर में रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- थाना कविनगर से लेकर सिहानी गेट में पुलिस बल रहा मौजूद

जे रविंदर गौड
पुलिस कमिश्नर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। धनतेरस के मौके पर शनिवार को गाजियाबाद में करोड़ों रुपये का व्यापार हुआ, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी भी ज्वेलरी शोरूम या भीड़भाड़ वाले बाजार में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। त्योहार के इस महत्वपूर्ण दिन पर कानून व्यवस्था की कमान खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सड़कों पर उतकर संभाली।

शनिवार शाम को कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कवि नगर थानाक्षेत्र के आरडीसी इलाके से हिट चौक तक पैदल गश्त की। उनके साथ डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर सूर्य बली मोर्य और थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने पीआरवी से पूछा हाल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और बाजार में मौजूद ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने मौके पर तैनात पीआरवी कर्मियों से संवाद किया और त्योहार सीजन में लोगों को निर्भीक वातावरण देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि नागरिकों में भरोसा कायम करना है ताकि हर कोई उत्सव को निश्चिंत होकर मना सके।

शहर के प्रमुख बाजारों में मुस्तैद रही पुलिस

करंट क्राइम : उधर शहर के अन्य बाजारों में भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे और थाना प्रभारी सिहानी गेट सचिन कुमार अपनी टीम के साथ ज्वेलरी मार्केट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मौजूद रहीं। पुलिस ने दुकानों और आसपास के सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया, वहीं निजी सिक्योरिटी गाड्र्स की सतर्कता की भी जांच की गई। पुलिस की मुस्तैदी के चलते शहर में धनतेरस का पर्व शांति और सुरक्षा के माहौल में सम्पन्न हुआ।

ग्रामीण जोन पुलिस ने दीपावली से पहले लौटाए 90 लाख के गुम हुए फोन, 219 लोगों को मिले उनके मोबाइल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : ग्रामीण जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों व साइबर सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीमों द्वारा भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 219 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 90 लाख रुपये है ,उनको बरामद करने का काम किया है। इन मोबाइलों को उनके असली स्वामियों को वापस लौटा दिया गया। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज मोबाइल चोरी व गुमशुदगी के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्रामीण जोन की साइबर/सर्विलांस टीम ने मैनुअल इनपुट और तकनीकी सहायता के माध्यम से यह कार्रवाई की। सभी थाना क्षेत्रों की टीमों ने सतर्कता और तकनीकी सहयोग से यह मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए।

डीसीपी ग्रामीण ने लौटाई खुशी

करंट क्राइम : खोए मोबाइल मिलने की खुशी का अंदाजा शनिवार को पुलिस द्वारा लौटाए गए फोन मिलने पर लगभग 219 लोगों को मिली है। थानावार मोबाइल बरामदगी का विवरण इस प्रकार है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की यह पहल न केवल शिकायतकर्ताओं को राहत देने वाली है, बल्कि पुलिस की तकनीकी दक्षता और तत्परता का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल की स्थिति

थाना लोनी	15	थाना मुरादनगर	17
थाना ट्रोनिका सिटी	14	थाना मोदीनगर	21
थाना अंकुर विहार	30	थाना निवाड़ी	12
थाना लोनी बॉर्डर	20	थाना भोजपुर	28
थाना मसूरी	62	कुल योग	219

रामकथा पार्क सजकर तैयार: अयोध्या में सीएम योगी करेंगे श्रीराम का राजतिलक

मुख्यमंत्री सरयू अतिथि गृह में करेंगे रात्रि विश्राम

यहीं से मुख्यमंत्री लेजर और ड्रोन शो देखेंगे। इसके बाद सरयू पुल के ऊपर होने वाली ग्रीन आतिशबाजी के भव्य नजारे के भी साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री वापस रामकथा पार्क आएंगे और विदेशी रामलीला को देखेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रामकथा पार्क के पास सरयू अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन सुबह कारसेवक पुरम में साधु संतों के भोज में शामिल होने के बाद गोरखपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

अयोध्या। अयोध्या में रामकथा पार्क सजकर तैयार हो गया है। रामनगरी एक बार फिर इतिहास बनाने को तैयार है। दीपोत्सव के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ श्रीराम का राजतिलक करेंगे। आगे पढ़ें और जानें दीपोत्सव में कब क्या होगा ?

रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू किनारे रामकथा पार्क में 19 अक्तूबर को श्रीराम का राजतिलक करेंगे। राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सजकर तैयार हो गया है। मंच पर राम दरबार सजेगा और नीचे साधु संतों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे।

इससे पहले पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूप रामकथा पार्क के हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां मुख्यमंत्री भगवान के स्वरूपों की अगवानी करेंगे। इसके बाद उन्हें रथ पर सवार करके रामकथा पार्क में बने राज दरबार में लाया जाएगा। इससे पहले सुबह 10 बजे साकेत महाविद्यालय से झांकियों की शोभायात्रा निकलेगी। दोपहर 2:00 बजे मुख्यमंत्री रामकथा पार्क में ही इनका स्वागत करेंगे।

लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे पारंपरिक नृत्य साकेत कॉलेज से निकलने वाली इन झांकियों की शोभायात्रा के दौरान पूरे रास्ते विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों की ओर से पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। पुष्प वर्षा कर झांकियों का स्वागत होगा। रामकथा पार्क में राज्याभिषेक समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री शाम 5:00 बजे सरयू तट पर पहुंचेंगे।

यहां पर वह 2100 अर्चकों की ओर से की जाने वाली सरयू की महाआरती का हिस्सा बनेंगे। यहां से सीएम राम की पैड़ी पर बने मुख्य मंच पर पहुंचेंगे।

ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट स्थित सांसदों के फ्लैट्स में आग तीन लोग बचाए गए, दमकल की गाड़ियां मौके पर

नई दिल्ली। ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में सीपीडब्ल्यूडी के पार्किंग एरिया में कूड़ा पड़ा था, उसमें ही पहले आग लगी थी। इसके बाद आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि ऊपर की 6 मंजिलों पर स्थित फ्लैट्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। नई दिल्ली इलाके के विशंभर दास रोड स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई, यहां पर सांसदों के आवास हैं। आग पार्किंग में रखे कबाड़ में लगी जो सातवीं आठवीं मंजिल तक पहुंच गई, फिलहाल तीन लोगों के आग में झुलसने का पता चला है और तीन लोगों को ही बचाने की बात कही जा रही है। बचाव दल और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में सीपीडब्ल्यूडी के पार्किंग एरिया में कूड़ा पड़ा था, उसमें ही पहले आग लगी थी। इसके बाद आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि ऊपर की 6 मंजिलों पर स्थित फ्लैट्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि शुरूआती 3 मंजिल में सर्वेंट क्वार्टर हैं उसके बाद एमपी रहते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब आधा घंटा देरी से आई थीं। फ्लैट्स में आग बुझाने का जो सिस्टम लगा हुआ है वह बिल्कुल काम नहीं कर रहा था, उसमें बिल्कुल भी पानी नहीं था। फिलहाल आग बुझाने का काम जारी है।

दमकल विभाग की ओर से कही गई यह बात

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एडीओ भूपेंद्र ने कहा, 'दोपहर 1.22 बजे हमें पंडित पंत मार्ग के पास स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना मिली। चूंकि यह एक ऊंची इमारत है इसलिए हमने तुरंत टीटीएल सहित 14 गाड़ियां भेजीं। अभी तक ज्यादातर नुकसान स्टिल्ट फ़्लोर पर हुआ है और ऊपरी मंज़िलें बाहरी रूप से क्षतिग्रस्त हैं। आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन हमारा काम अभी भी जारी है, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।'

स्थानीय निवासी ने बयां की पीड़ा

ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट के निवासी विनोद ने कहा 'मेरा कुत्ता अंदर फंस गया था। मेरी बेटी की शादी कुछ ही महीनों में होने वाली है और जो भी गहने, सोना और कपड़े हमने खरीदे थे, वे भी अंदर हैं। मेरी पत्नी और मेरा एक बच्चा भी झुलस गया। वे अस्पताल में हैं। हमें नहीं पता कि आग कैसे लगी। मेरा घर तीसरी मंजिल पर है।'

सीएम रेखा गुप्ता बीजेपी कार्यालय के दिवाली कार्यक्रम में हुईं शामिल, बोलीं- कर्त्तव्य पथ जलेंगे लाखों दीये

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 7 महीनों में हमने दिल्ली के हर वर्ग के लिए काम करने की कोशिश की है। छठ के लिए यमुना की सफाई उसी तरह की जा रही है जैसी हमारे पूर्वांचल के भाई हमसे उम्मीद करते हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भाजपा कार्यालय में आयोजित दिवाली कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पिछले 7 महीनों में हमने दिल्ली के हर वर्ग के लिए काम करने की कोशिश की है। छठ के लिए यमुना की सफाई उसी तरह की जा रही है जैसी हमारे पूर्वांचल के भाई हमसे उम्मीद करते हैं। दिवाली को भव्यता से मनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कर्त्तव्य पथ पर लाखों दीये जलाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगे कहा, दिल्ली की दिवाली देश की राजधानी की दिवाली है और इसे मनाया जाना चाहिए, देखा जाना चाहिए और महसूस किया जाना चाहिए। जब एक सनातनी सरकार सत्ता में आती है, तो उसकी भव्यता और दिव्यता अद्वितीय होती है। आज दिल्ली में हर कोई, चाहे वह युवा हो, बच्चे हों, महिलाएं हों या बुजुर्ग, खुश हैं। वे दिवाली इसलिए मनाते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी में बचत की है। दिल्ली सरकार का जीएसटी क्रेडिट, पटाखों के परमिट, छठ घाट पर छठ की तैयारियां और युवाओं के लिए इवेंट मैनेजमेंट। ये सभी ऐसे

त्योहार हैं जिन्हें दिल्ली ने वर्षों से मिस किया है लेकिन अब नहीं। अब दिल्ली खुलकर जीएगी, अपने त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाएगी और अपनी खुशियां व्यक्त करेगी। जब कर्त्तव्य पथ पर लाखों दीये जलाए जाएंगे, तो दिल्ली भव्यता और दिव्यता की साक्षी बनेगी। यही प्रकाश दिल्ली और हमारे देश को सदैव प्रकाशित रखे।

दिल्ली में दिवाली से पहले ही हवा हुई 'बहुत खराब'

380 के पार एक्यूआई... इन रोगियों को N-95 मास्क पहनने की सलाह

नई दिल्ली। सुबह कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 11 बजे तक आनंद विहार में सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया। दिल्ली में दिवाली से पहले ही लोगों का प्रदूषण से दम घुटने लगा है। दिल्ली में शनिवार सुबह कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 11 बजे तक आनंद विहार में सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया, जोकि 'बहुत खराब' श्रेणी है। बवाना में एक्यूआई 312 दर्ज किया गया। बढ़ते वायु प्रदूषण के बारे में चिंता जताते हुए, गाजियाबाद के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शरद जोशी ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, एक्यूआई में काफी वृद्धि हुई है। यह सीओपीडी, अस्थमा या तपेदिक जैसे रोगों का इतिहास रखने वाले लोगों के लिए श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है, जिससे खांसी, बुखार, सांस फूलना और सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने खराब वायु गुणवत्ता से बचाव के लिए सभी को बाहरी गतिविधियों के दौरान एन-95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह दी है। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह 11 बजे आईजीआई हवाई अड्डा (टी3) में (206), बुराड़ी क्रॉसिंग (272), चांदनी चौक (261), आईटीओ (274), लोधी रोड पर (200) एक्यूआई दर्ज किया गया।

जानें एक्यूआई रीडिंग के मानक

एक्यूआई रीडिंग को अच्छा (0-50), संतोषजनक (51-100), मध्यम प्रदूषित (101-200), खराब (201-300), बहुत खराब (301-400), और गंभीर (401-500) श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

सपा में शामिल हुए कई नेता: अखिलेश का भाजपा पर तंज बोले- फुस्स फुलझड़ी से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में कई नेताओं ने सपा का दामन थामा। इस मौके पर सपा मुखिया ने कहा कि इन सभी साथियों के आने से पीडीए की लड़ाई और मजबूत होगी। राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में कई नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा। सपा में शामिल होने वालों में देवेंद्र कुशवाहा, नदीम अशरफ, रणवीर सिंह गौतम अहिरवार और गाजीपुर से श्यामलाल बिंद रहे। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। कहा कि पीडीए के सामाजिक आंदोलन और बाबा साहब के आंदोलन के लिए बहुत से लोग जुड़ रहे हैं। इन सभी साथियों के आने से पीडीए की लड़ाई और मजबूत होगी।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि आज धनतेरस है, इसलिए किसी के बारे में ज्यादा भला-बुरा मत कहिए। एक सवाल के जवाब पर सरकार पर तंज कसा कि दिवाली पर फुस्स फुलझड़ी से क्या उम्मीद की जा सकती है? जिसने बिजली बनाई नहीं, वो बिजली देंगे कैसे?

...अब तो बिजली का निजीकरण भी नहीं कर पा रहे - अखिलेश

अखिलेश ने आगे कहा कि हमारे सीएम बिहार में पार्टी की तरफ से स्टार प्रचारक बनकर गए हैं। हम कहते हैं वह स्टार प्रचारक नहीं बल्कि, स्टार विभाजक बनकर गए हैं। बिहार साम्प्रदायिक लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। सरकार पहला झूठ यही बोल रही है कि आठ साल हुए हैं। जबकि सरकार 9 वर्ष होने वाले हैं। अब सिर्फ एक आखिरी बजट आना है, इस सरकार का। पहले बिजली बेचना चाह रहे थे, अब निजीकरण भी नहीं कर पा रहे हैं।

सपा मुखिया ने आगे कहा कि हमारे समय में सरकार का बजट चार लाख करोड़ था। तब हमने स्टेडियम बनवाया, मेट्रो बनवाया, एक्सप्रेसवे बनवाया। अब सरकार का बजट आठ लाख करोड़ रुपये हो गया है, काम का पता नहीं। सरकार विभागों में चोरी नहीं रोक पा रही है। इसीलिए तो विधायकों के घरों में चोरी हो रही है। सपा सरकार बनी तो कुम्हारों से खरीदेंगे एक करोड़ दीये उन्होंने कहा कि आजकल लोग भेड़िये की दहशतगर्दी से परेशान हैं।

अभी तक छतों पर सांड चढ़ रहा था, अब तो गुलदार भी छतों पर चढ़ रहा है। कुछ ही दिनों में 52 लोगों पर हमले हो चुके हैं। समाजवादी लोग बुल और बुलडोजर दोनों के खिलाफ हैं। दिवाली पर कुम्हार परेशान हैं। सपा सरकार बनी तो दिवाली पर सरकार कुम्हारों से एक करोड़ दीये खरीदा करेगी। अखिलेश ने आगे कहा कि कानपुर के अखिलेश दुबे के घर बुलडोजर नहीं चलेगा।

दिल्ली आ रही अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के एक कोच में लगी आग, कोई हताहत नहीं

लुधियाना। लुधियाना से दिल्ली जा रही गरीब रथ ट्रेन में भयंकर आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सरहिंद स्टेशन पर सुबह अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के एक कोच में आग लग गई। रेलवे और पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यात्रियों को सुरक्षित अन्य डिब्बों में शिफ्ट किया और आग पर काबू पा लिया। आग से एक कोच पूरी तरह नष्ट हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन (नंबर झ्र 12204) में शनिवार सुबह सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास आग लगने की घटना सामने आई। ट्रेन सरहिंद स्टेशन से निकलकर मुश्किल से आधा किलोमीटर आगे बढ़ी ही थी कि यात्रियों ने एक कोच से धुआं उठते देखा। तुरंत ट्रेन को रोका गया और रेलकर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया।

स्थानीय पुलिस अधिकारी के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे की टीमें मौके पर पहुंच गईं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि, एक महिला यात्री घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 7.30 बजे हुई। जैसे ही आग का पता चला, रेलवे कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित डिब्बे को खाली कराया और फायर टीमों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि आग सीमित हिस्से में थी और उसे जल्द ही बुझा लिया गया।

फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है. रेलवे और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं और ट्रैक को फिर से चालू करने की प्रक्रिया चल रही है।

लेह में बिना अनुमति जुलूस, रैली और मार्च निकालने पर प्रतिबंध, एसएसपी की रिपोर्ट पर डीएम ने जारी किए आदेश

जम्मू। जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 17 अक्तूबर को जारी होने के तुरंत बाद प्रभावी हो गया है।

सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए संभावित खतरों को देखते हुए लेह के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) रोमिल सिंह डोंक ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी किया है। इसमें लेह क्षेत्राधिकार में सार्वजनिक समारोहों और कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह आदेश लेह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के बाद जारी किया गया है। रिपोर्ट में सार्वजनिक शांति भंग होने, मानव जीवन को खतरा होने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की संभावित समस्या की आशंका व्यक्त की गई थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं। आदेश के आनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई भी जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा। बिना अनुमति के वाहनों पर लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। व्यक्तियों को ऐसे बयान देने से प्रतिबंधित किया गया है जो सार्वजनिक शांति भंग कर सकते हैं या कानून-व्यवस्था की समस्याएं भड़का सकते हैं। तहसील लेह के अधिकार क्षेत्र में पांच या अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना प्रतिबंधित है।

जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 17 अक्तूबर को जारी होने के तुरंत बाद प्रभावी हो गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना और कानून-व्यवस्था की किसी भी समस्या को बढ़ने से रोकना है।

कैंची धाम में संदिग्ध हालात में गोली लगने से युवक की मौत

पुलिस ने कब्जे में लिया शव, जांच शुरू

नैनीताल। कैंची धाम स्थित किरौला रेस्टोरेंट में शुक्रवार की देर रात दो बजे एक युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

कैंची धाम स्थित किरौला रेस्टोरेंट में शुक्रवार की देर रात दो बजे एक युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की घटना मिलते ही भवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया।

कोतवाली पुलिस के एसएसआई आसिफ खान ने बताया कि शुक्रवार की देर रात बेतालघाट निवासी आनंद सिंह (39) की गोली लगने से मौत होने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव कब्जे में लिया है। साथ ही फॉरोसिंक टीम को बुलाया गया है। आसिफ ने बताया कि जिस बंदूक से गोली चली है वह लाइसेंसी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

कांग्रेस की पहली सूची में पांच महिला-चार मुस्लिमों को टिकट

बिहार। बिहार के महागठबंधन में लगातार खींचतान के बाद आखिरकार पहले चरण के नामांकन के ठीक कुछ घंटे पहले बिहार कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। कांग्रेस ने पहली सूची में कुल 48 उम्मीदवारों के नाम शामिल है। हालांकि, इनमें से अधिकांश प्रत्याशियों को बगैर लिस्ट जारी हुए एक दिन पहले ही सिंबल मिल चुके हैं। सूची में पहले और दूसरे चरण दोनों के उम्मीदवारों के नाम हैं। कांग्रेस की पहली सूची में अनुभवी और युवा नेताओं का मिश्रण देखने को मिला है, जो पार्टी की रणनीति को दशार्ता है। पहले और दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश की है पार्टी ने विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरों को चुना है, ताकि मतदाताओं के बीच व्यापक अपील बनाई जा सके।

कुटुंबा से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम चुनाव लड़ेंगे, जबकि सीनियर लीडर शकील अहमद कदवा से चुनावी मैदान में उतरेंगे। राजापाकर से प्रतिमा दास पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। पहली लिस्ट में 5 महिलाएं, 4 मुस्लिम उम्मीदवारों के नाम हैं। सोनबरसा से सरिता देवी, बेगूसराय से अमिता भूषण, हसुआ से नीतू कुमारी, कोढ़ा से पूनम पासवान और राजापाकर से प्रतिमा कुमारी को मैदान में उतारा गया है।

पहली लिस्ट में 11 सिटिंग विधायकों पर भरोसा जताते हुए फिर से टिकट दिया गया है। इसमें भागलपुर, कदवा, मनिहारी, मुजफ्फरपुर, राजापाकड़, बक्सर, राजपुर, कुटुंबा, करगहर, हिसुआ और औरंगाबाद के विधायक शामिल हैं। जबकि खगड़िया से सिटिंग विधायक छत्रपति यादव का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह चंदन यादव को टिकट दिया गया है। चंदन यादव पिछली बार बेलदौर से लड़े थे और हार गए थे।

इस लिस्ट में वजीरगंज सीट से पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है। कांग्रेस ने बेटे का टिकट काटकर पिता को टिकट दिया है। कांग्रेस ने शशि शेखर सिंह की जगह अवधेश कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। अवधेश कुमार सिंह कांग्रेस के बड़े नेता हैं। मंत्री रहे हैं वे 2015 में वे वजीरगंज से चुनाव जीते थे। 2020 में पार्टी ने उनकी जगह उनके बेटे शशि शेखर सिंह को उम्मीदवार बनाया। वे चुनाव हार गए। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह को 70 हजार 713 वोट मिले। कांग्रेस के उम्मीदवार शशि शेखर सिंह 48 हजार 283 वोट ही पा सके। दिलचस्प यह भी है कि कल बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर शशि शेखर सिंह को सिंबल देने की बात लिखी थी।

कांग्रेस की इस लिस्ट में हिसुआ विधायक नीतू सिंह का भी नाम शामिल है। नीतू सिंह ने भारतीय जनता पार्टी में जाने की ख्वाहिश मीडिया के सामने जताई थी। उन्होंने कहा था कि अगर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मुझे टिकट देती है तो मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगी। जब कांग्रेस के दो विधायकों ने पाला बदला था, उसके बाद नीतू सिंह की तस्वीर डिप्टी सीएम विजय सिंह और सम्राट चौधरी के साथ वायरल हुई थी।

चलती कार का फटा टायर... ऑटो से टक्कर 18 लोग घायल, 10 की हालत गंभीर

पंजाब। राजस्थान नंबर की कार का टायर फटने से गाड़ी की ऑटो से टक्कर हो गई। दोनों वाहनों में सवार कुल 18 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 10 की हालत गभीर बनी हुई है। हादसा पंजाब के मुक्तसर में हुआ है।

पंजाब के मुक्तसर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। गिद्दड़बाहा-मलोट रोड पर मार्कफेड प्लाट के पास चलती कार का टायर फट गया। गाड़ी अनयंत्रित होकर दूसरे वाहन से टकरा गई। इस हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह भयानक हादसा शनिवार सुबह हुआ है।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान के गंगानगर निवासी रविंदर कुमार अपनी पत्नी कृष्णा रानी और बेटे चिराग के साथ अपनी होंडा कार (आरजे13सीबी-5208) में अमृतसर से गंगानगर जा रहे थे। जब उनकी कार मार्कफेड प्लाट के पास पहुंची, तो चलती कार का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर को पार कर मलोट से गिद्दड़बाहा की तरफ जा रहे एक ऑटो रिक्शा से टकरा गई।

इस हादसे में कार सवार रविंदर कुमार, कृष्णा रानी और चिराग को हल्की चोटें आईं, जबकि ऑटो चालक मंगा सिंह समेत अर्शदीप कौर, ज्योति, वीरपाल कौर, मनदीप कौर, परमजीत कौर, कुलदीप सिंह, करमजीत कौर, सुखदीप कौर, किरण कौर, प्रीतम कौर, सतपाल कौर, चरणजीत कौर, गुरसेवक सिंह और परमजीत कौर सभी निवासी गांव जंडवाला (मलोट) गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया है कि सभी ऑटो सवार गिद्दड़बाहा क्षेत्र में कपास बीनने जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी संस्था विवेक आश्रम के एंबुलेंस चालक शमिंदर सिंह मंगा, उम्मीद एनजीओ के राज कुमार बब्बर, राहत फाउंडेशन के दीपू कुमार और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंचे और घायलों को गिद्दड़बाहा सिविल अस्पताल पहुंचाया।

सिविल अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर सैम सिद्धू ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद करीब 10 लोगों को गंभीर हालत में बठिंडा रेफर कर दिया गया है। उधर, गिद्दड़बाहा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। रविवार 19 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

काम नहीं आया रूट डायवर्जन और पार्किंग प्लान

धनतेरस पर पूरे शहर में लगा भीषण जाम, जनता को हुई भारी परेशानी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। धनतेरस के अवसर पर गाजियाबाद पुलिस द्वारा बनाया गया रूट डायवर्जन और पार्किंग प्लान पूरी तरह फेल साबित हुआ। शनिवार को दिनभर शहर के प्रमुख बाजारों राजनगर, गांधीनगर, तुराब नगर, अंबेडकर रोड, पुराना बस अड्डा, कोटगांव, मोहननगर, कविनगर, अंबेडकर रोड, जीटी रोड और गांधीनगर–में घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण व्यापारी और आम नागरिक दोनों ही परेशान रहे। लोगों को अपने वाहनों में घंटों फंसे रहना पड़ा, वहीं मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों के भीतर तक ट्रैफिक रेंगता नजर आया।

बसों में भी रही भीड़

करंट क्राइम : त्यौहार को लेकर रोडवेज की बसों में भी भारी भीड़ रही। यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा और कई लोगों को बसें भी नहीं मिलीं। धनतेरस की खरीदारी के उत्साह के बीच शहरवासियों को जाम ने बेहाल कर दिया। तो वहीं बसों की किल्लत भी देखने को मिली।

जाम खुलवाने में लगे रहे पुलिसकर्मी

करंट क्राइम : ट्रैफिक वाले पुलिसकर्मी जाम खुलवाने में दिनभर पसीना बहाते रहे, लेकिन भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। देर रात तक कई स्थानों पर वाहन रेंगते रहे और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रही। तो जाम के चलते हाइवे से लेकर पूरा शहर परेशान रहा।

बेरिकेटिंग लगाने के बाद भी बाजार से लेकर सड़क तक रहा जाम

करंट क्राइम। ऐसा नहीं है कि त्योहार पर बाजार में संभावित जाम का अंदाजा पुलिस को नहीं था। पुलिस ने इसके लिए विशेष इंतजाम भी किये थे और सबसे बड़ी बात ये थी कि प्रमुख बाजारों में जहां पुलिस तैनात थी वहीं यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाला और कई ऐसे चौराहों पर भी यातायात पुलिस कर्मियों ने कमान संभाली जहां आमतौर पर ट्रैफिक कर्मी तैनात नहीं होते हैं। मगर इन सबके बाद भी बाजारों में जाम रहा। सबसे बड़ी बात ये रही कि पुलिस ने पहले ही बाजारों में लोगों को असुविधा से बचाने और किसी भी प्रकार के भीषण जाम से निपटने के लिए बाजारों में नो-व्हीकल पॉलिसी बनाई थी। लेकिन इसके बाद भी दुपहिया वाहनों का दबाव इतना रहा कि धीरे धीरे बाजार में जाम लगना शुरू हुआ और फिर डासना गेट बाजार, तुराब नगर बाजार, चौपला बाजार, बजरिया, घंटाघर और रमतेराम रोड पर पैदल लोगों की भीड़ इतनी थी कि बाजारों में जाम लगा रहा। बैरिकेटिंग लगाने के बाद भी पुलिस को संघर्ष करना पड़ा।

गाजियाबाद में वायु प्रदूषण का अलर्ट

हवा 'बेहद खराब', स्वास्थ्य के लिए खतरा

फाइल फोटो

गाजियाबाद, करंट क्राइम: दीपावली के पटाखों के धुएं से पहले ही गाजियाबाद का वायु मंडल गंभीर रूप से प्रदूषित हो गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स306 दर्ज किया गया है, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं हुई, तो प्रदूषण और बढ़ सकता है और दिल्ली एनसीआर के लोगों की सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है।

चिंता का कारण

- शहर की वायु पहले ही उच्च स्तर के प्रदूषण से भरी है।
- दीपावली के पटाखों का धुआं और वाहनों का प्रदूषण स्थिति को और गंभीर कर सकता है।
- कमजोर लोगों और बच्चों पर स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम हो सकता है।

वायु प्रदूषण की देशभर में स्थिति

- 48% शहरों में वायु गुणवत्ता चिंताजनक।
- केवल 12% शहरों में हवा साफ।
- खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की संख्या में 39% का इजाफा।
- साफ हवा वाले शहरों की संख्या में 33.3% की गिरावट।

विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर वायु गति में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में दिल्ली एनसीआर की हवा और जहरीली हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी पटाखा व्यापारियों की मुश्किलें कम नहीं हुई

9 बजे तक जारी नहीं हुआ लाइसेंस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दीपावली पर्व पर 18 से 21 अक्टूबर तक पटाखा छोड़ने का फैसला देने के बाद भी पटाखा व्यापारियों की परेशानी काम नहीं हुई है। स्थिति यह है कि शनिवार रात 9 बजे तक पुलिस की ओर से पटाखा व्यापारियों को पटाखा बेचने का लाइसेंस जारी नहीं किया गया। पटाखा व्यापारी सुबह से ही पुलिस के अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन रात 9 बजे तक भी लाइसेंस जारी नहीं किया गया। वही कवि नगर रामलीला मैदान में पटाखे की दुकान लगाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने पटाखा व्यापारियों से सात लाख रुपये शुल्क के रूप में लिए हैं। रामलीला मैदान में तीन 12 दुकानें बनाई गई है इन इन दुकानदारों से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने चार दिन के किराए के रूप में 7 लाख रुपए का शुल्क लिया है। पटाखा व्यापारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि चार दिन में से एक दिन शनिवार बीत गया। लाइसेंस नहीं मिलने से शनिवार को दुकान सज नहीं पाई जिस कारण बिक्री नहीं हुई ऐसे में दुकानदारों के पास अब सिर्फ तीन दिन ही है। शनिवार रात को लाइसेंस जारी करने का आश्वासन दिया गया। सुबह से ही व्यापारी डीसीपी और कमिश्नर के कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी अपने कार्यालय पर बैठे नहीं थे वह धनतेरस के मौके पर शहर के विभिन्न बाजारों में गश्त पर थे।

आशुतोष गुप्ता ने बताया कि डीपी के साइन से ही लाइसेंस जारी किए जाएंगे लेकिन डीसीपी अपने कार्यालय पर नहीं है। वे राजनगर के राउंड पर है, जिस कारण का पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस जारी नहीं हो पाए हैं। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जैसे ही डीसीपी अपने कार्यालय पहुंचेंगे वैसे ही व्यापारियों के लाइसेंस जारी कर दिए जाएंगे। व्यापारियों का कहना है कि देर रात लाइसेंस जारी करने के बाद भी सुबह ही दुकानें नहीं खुल पाएंगी, क्योंकि जहां से पटाखे की खरीद होनी है वहां लाइसेंस पहले दिए जाएंगे तभी पटाखे मिल पाएंगे। सभी व्यापारियों ने पटाखों की खरीद के लिए पैसे जमा कर दिए हैं लेकिन अभी तक पटाखे भी नहीं आए हैं। लाइसेंस मिलने के बाद ही पटाखे आएंगे।

स्वर्गीय एनडी तिवारी की पुण्यतिथि पर सांसद और शहर विधायक ने किये उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री, केन्द्र सरकार में मंत्री और राज्यपाल रहे स्वर्गीय एनडी तिवारी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम अतुल गर्ग जनसेवा केन्द्र पर रखा गया था। उनके प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि राजनीति में विचारधारा अलग हो सकती है लेकिन राजनीति में हमेशा उन महापुरूषों को स्थान मिलता है जिन्होंने देश और समाज के हित में अपना योगदान दिया हो। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी विकासवादी सोच के नेता थे। वो देश की राजनीति में और सरकारों में प्रमुख पदों पर रहे।

यह एक संयोग है कि स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी की जन्म जयंती और पुण्यतिथि एक ही तारीख को पड़ती हैं। एन डी तिवारी का गाजियाबाद से एक गहरा रिश्ता है। उन्होंने ही मुख्यमंत्री रहते हुए गाजियाबाद को जिले की मान्यता दी थी और गाजियाबाद की एक अलग पहचान बनी।

गाजियाबाद जिले के निर्माता रहे एन0डी0तिवारी : संजीव शर्मा

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने स्वर्गीय एन0डी0तिवारी की जन्मतिथि और पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि एन0डी0तिवारी वास्तव में एक महान नेता थे। उन्होंने गाजियाबाद जिले का निर्माण किया। उन्हीं के प्रयासों से उन्हीं के मुख्यमंत्री काल में गाजियाबाद को जिले की मान्यता मिली। गाजियाबाद जिले के रूप में स्थापित हुआ। संजीव शर्मा ने स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजनीति में दल अलग हो सकते हैं लेकिन समाज कल्याण का चिंतन प्रत्येक नेता में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एन0डी0तिवारी वास्तव में विकास पुरूष कहे जा सकते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया। एक जननेता के रूप में उनकी सबसे बडी खास बात ये थी कि वो विकास के विजन में और जन कल्याण कारी योजनाओं में कभी भी वैचारिक मतभेद को नहीं लाते थे। वो हमेशा कहते थे कि सरकार का काम जनता के कल्याण का होता है और जनता किसी दल की नहीं होती है। जनता तो सरकार की होती है और सरकार हमेशा जनता के लिए होती है।

कांग्रेस ने महानगर और जिला इकाइयों में फेर बदल तो कर दिया लेकिन नहीं बदली पदाधिकारियों की कार्यशैली

फेरबदल

"जिला और महानगर इकाइयों के पदाधिकारी के रवैया से कार्यकर्ताओं में भारी निराशा

बदलाव को हुए करीब 4 महीने से ऊपर हो गया लेकिन जमीनी स्तर पर संगठन में कोई मजबूती नहीं आई है। ना ही कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता दिखाई दे रही है।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 2027 विधानसभा चुनाव में मजबूती से मैदान में उतरने के लिए कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने गाजियाबाद में महानगर और जिला इकाई में वृहद पैमाने पर बदलाव किया था। बदलाव को हुए करीब 4 महीने से ऊपर हो गया लेकिन जमीनी स्तर पर संगठन में कोई मजबूती नहीं आई है। ना ही कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता दिखाई दे रही है। आज भी संगठन का हाल वही है जो 1 साल पहले हुआ करता था।

अहमदाबाद अधिवेशन के बाद कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की थी। इसके तहत संगठन में फेरबदल के साथ ही कार्यकताओं को जनता से जुड़े रहने के निर्देश दिए गए थे। गाजियाबाद में भी संगठन में फेरबदल किया गया था विजेंद्र यादव के स्थान पर जिला अध्यक्ष के पद पर सतीश शर्मा डसना और महानगर अध्यक्ष पद पर वीर सिंह जाटव को नियुक्त किया गया था। लेकिन पिछले चार महीना के दौरान संगठन की ओर से विभिन्न समाज के लोगों के साथ जुड़ाव के लिए कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। संगठन सृजन अभियान के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में बैठक के आयोजित की गई थी। उन बैठकों में विधानसभा स्तर के नेता और कार्यकर्ता तो शामिल हुए लेकिन पुराने और वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी इन बैठकों में शामिल नहीं हुए। संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित बैठकों के बाद कांग्रेस की महानगर और जिला इकाई की ओर से विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कोई बैठक नहीं की गई। हालत यह है कि महापुरुषों के जन्मदिन या पुण्यतिथि वह अन्य कार्यक्रमों के दौरान महानगर और जिला कार्यालय पर गिने चुने पदाधिकारी व कार्यकर्ता ही जुट रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष कार्यकताओं के साथ सामंजस्य बनाकर बैठक के आयोजित कर चुनाव के लिए प्रेरित करने की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं कर रहे हैं।बूथ और ब्लॉक लेवल पर भी कार्यकताओं की कोई सक्रियता नहीं दिखाई दे रही है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि पार्टी संगठन में फेर बदल के बाद भी कार्य करने की शैली में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। वरिष्ठ एवं पुराने नेताओं एवं कार्यकताओं को कार्यक्रमों की जानकारी तक नहीं दी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी जिला एवं महानगर अध्यक्षों को बूथ और ब्लॉक स्तर पर संगठन का गठन कर विधानसभा चुनाव की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करना है इसके लिए सभी वर्ग एवं समाज के कार्यकताओं को साथ लेकर लोगों के बीच पार्टी की नीति एवं सरकार की कमियों को उजागर करना है लेकिन संगठन की ओर से ऐसा कुछ भी नहीं किया जा रहा है। पिछले दिनों गाजियाबाद आए प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी ली तो जिला एवं महानगर इकाई के पदाधिकारी बदले झांकने लगे। यहां तक कि युवा कांग्रेस में चल रहे विवाद का भी हल नहीं निकल गया। इसको लेकर संगठन की काफी किरकिरी हो रही है दूसरी ओर महिला संगठन भी प्राय निष्क्रिय पड़ा हुआ है महिला कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई भी कार्यक्रम नहीं किया गया महिला कांग्रेस संगठन में कौन-कौन पदाधिकारी है इसकी जानकारी तक कार्यकताओं को नहीं है। कई कार्यकताओं का तो यहां तक कहना है कि जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष उनके फोन तक नहीं उठाते हैं ऐसे में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी कैसे चल रही है इसे समझा जा सकता है।

खनन ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले कुख्यात बदमाश के साथी को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दबोचा

अनिल राजपूत की टीम ने बदमाशों का छुड़ाया पसीना

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में क्राइम ब्रांच लगातार क्राइम कंट्रोल का काम करने में लगी हुई है। इसी के तहत खनन ठेकेदार से रंगदारी वसूलने और धमकाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस कमिश्नरेट स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और थाना टीलामोड़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक वांछित बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लोनी भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध देशी पिस्टल .32 बोर, एक जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, एक वीवो मोबाइल और स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह ने बताया है कि पचायरा खनन प्वाइंट पर मण्डोली जेल, दिल्ली में बंद कुख्यात अपराधी दीपक निवासी अगरौला व उसके साथियों ने खनन ठेकेदार से एक लाख प्रतिमाह रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। ठेकेदार ने थाना वेव सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्वॉट, क्राइम ब्रांच और टीला मोड़ थाना टीम को लगाया गया था।

सिटी का मुकदमा और कार्रवाई हुई नदियापार में

करंट क्राइम : 17 अक्टूबर की रात पुलिस ने घेराबंदी की, जहाँ आरोपी कैलाश निवासी ग्राम अगरौला, थाना ट्रोनिका सिटी ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में कैलाश घायल हुआ और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दीपक उसका रिश्तेदारी में चाचा है, जिसने जेल से फोन कर उसे ठेकेदार को धमकाने व एक लाख प्रतिमाह रंगदारी वसूलने को कहा था। आरोपी ने अन्य लोगों से भी रंगदारी लेने की बात कबूली। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। थाना टीला मोड़ पर वैधानिक कार्रवाई जारी है।

क्राइम ब्रांच की टीम अपराधियों पर बना रही है मजबूत पकड़

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अनिल राजपूत की देखरेख में अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। हाल के दिनों में उनकी टीम ने अपराधियों के खिलाफ तेज कार्रवाई और सटीक मुठभेड़ों के जरिए शहर में खौफ का अंत कर दिया है। बीते एक माह में कई हाफ एनकाउंटर, अनेक गैंग के खुलासे और सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ से यह साबित हुआ है कि गाजियाबाद पुलिस अब अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। क्राइम ब्रांच व स्वॉट टीम की संयुक्त रणनीति ने गाजियाबाद को प्रदेश के सशक्त पुलिस कमिश्नरेटों में शामिल कर दिया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में स्वॉट टीम अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और थाना टीलामोड़ पुलिस टीम मौजूद रही।

संपादकीय

अंधकार से प्रकाश की ओर

दीपावली भारतीय संस्कृति का सबसे प्रकाशमय और पवित्र पर्व है। यह केवल दीप जलाने का उत्सव नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान, और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हर वर्ष जब कार्तिक अमावस्या की रात को असंख्य दीपों से धरती जगमगाती है, तब लगता है मानो पूरा देश एक स्वर में यह घोषणा कर रहा हो — कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, एक छोटा-सा दीपक भी उसे मिटाने की शक्ति रखता है।

वर्ष 2025 की दीपावली विशेष मायने रखती है। तकनीक और आधुनिकता के इस युग में जब मनुष्य की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, तब यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्ची खुशी बाहरी भौतिकता में नहीं, बल्कि भीतर के प्रकाश में है — उस आत्मिक उजाले में जो हमें मानवता, प्रेम और सद्भाव की राह दिखाता है। दीपावली का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी गहरा है। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक है। घरों की सफाई, सजावट, मिठाइयों का आदान-प्रदान, और परिवार के साथ समय बिताना — ये सब जीवन में अपनत्व और मिलन की भावना को जगाते हैं। आज जब समाज में एकांत, तनाव और डिजिटल दूरी बढ़ रही है, तब दीपावली हमें साथ रहने, मुस्कुराने और बाँटने की प्रेरणा देती है। इस पर्व का आर्थिक पहलू भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीपावली पर लाखों छोटे व्यापारी, कारीगर, और हस्तशिल्पी अपने उत्पाद बेचकर पूरे वर्ष की रोजी-रोटी कमाते हैं। यह ह्यलोकलह्ल व्यवसायों के लिए नयी जान फूंकने का समय होता है। इसलिए इस दीपावली पर हमें ह्ववोकल फॉर लोकलह्ल का संदेश अपनाते हुए स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो हम न केवल अपने समाज के आर्थिक पहिये को गति देते हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूत करते हैं।

दीपावली के उत्सव के साथ कुछ चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ते प्रदूषण, पटाखों के अत्यधिक उपयोग और पर्यावरण पर उनके दुष्प्रभावों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। हमें समझना होगा कि असली आनंद शोर और धुएँ में नहीं, बल्कि शांति और सच्चे आनंद में है। पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाना आज की आवश्यकता है — मिट्टी के दीये जलाएँ, पेड़ लगाएँ, और प्राकृतिक सौंदर्य को सहेजें। जब प्रकृति मुस्कुराएगी, तभी हमारा जीवन भी उजियारा होगा। दीपावली हमें भीतर झाँकने का अवसर भी देती है। जिस तरह हम घर की सफाई करते हैं, वैसे ही हमें अपने मन की सफाई करनी चाहिए — ईर्ष्या, क्रोध, और द्वेष जैसे नकारात्मक भावों को दूर कर प्रेम, क्षमा और करुणा के दीप जलाने चाहिए। यही आत्मिक शुद्धि हमें सच्चे अर्थों में रोशन बनाती है। आइए, इस दीपावली हम सब यह संकल्प लें कि केवल अपने घर नहीं, बल्कि अपने समाज में भी उजाला फैलाएँ। किसी गरीब के घर में दीप जलाएँ, किसी जरूरतमंद की मदद करें, और अपने कर्मों से दूसरों के जीवन में आशा का प्रकाश भरें। दीपावली का असली संदेश यही है — जब तक एक दीपक भी जलता रहेगा, तब तक अंधकार कभी स्थायी नहीं हो सकता।

'जीएसटी सुधारों को जनता ने बेहतर तरीके से अपनाया' : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुधारों को लोगों ने बेहद अच्छे तरीके से अपनाया है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जीएसटी सुधारों का असर अब उपभोग और निवेश के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुधारों को देश की जनता ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। उन्होंने याद किया कि जीएसटी की शुरूआत नवरात्रि के पहले दिन की गई थी, और कहा कि लोगों ने इसे बेहद अच्छे तरीके से अपनाया है।

जीएसटी सुधारों का टैरिफ युद्ध से कोई लेना-देना नहीं

सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि हाल में लागू किए गए जीएसटी सुधारों का टैरिफ युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सुधार प्रक्रिया पर पिछले डेढ़ साल से काम चल रहा था और यह कदम पहले से तय योजना का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह सुधार पिछले डेढ़ साल से प्रक्रिया में था। उस समय किसी ने टैरिफ युद्ध के बारे में नहीं सोचा था। कई मंत्रियों के समूह इस पर लगातार काम कर रहे थे। सरकार के पैकेज को जीएसटी परिषद को भेजा गया था और परिषद ने इसे संबंधित समूहों के पास विचार के लिए भेजा। इस पर कई स्तरों पर चर्चा हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इसका टैरिफ युद्ध से कोई संबंध नहीं है। यह सुधार लंबे समय से लंबित था और इसे अब लागू किया गया है।

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत किया है। पहली तिमाही हमने 7.8 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की।

जीएसटी सुधारों का असर दिखाई दे रहा

इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जीएसटी सुधारों का असर अब उपभोग और निवेश के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमारा जीडीपी 335 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें से 202 लाख करोड़ रुपये उपभोग और 98 लाख करोड़ रुपये निवेश का हिस्सा था। जीएसटी सुधारों के चलते इस वर्ष खपत में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की संभावना है, यानी लगभग 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त खपत हो सकती है।

वैष्णव ने बताया कि सभी रिटेल चैनलों के आंकड़ों के अनुसार, इस नवरात्रि के दौरान बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 20-25 प्रतिशत अधिक रही। उन्होंने कहा कि कुछ श्रेणियों, जैसे 85-इंच टीवी, के स्टॉक पूरी तरह बिक चुके हैं।

खपत 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना

मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की बढ़ती मांग सीधे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को प्रभावित कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन अब डबल-डिजिट उअऋकी दर से बढ़ रहा है। इस वर्ष खपत 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है, यानी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त खपत होने की संभावना है।

स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा

वैष्णव ने यह भी बताया कि भारत ने इस वर्ष स्मार्टफोन निर्यात के मामले में अपने पड़ोसी देश को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका को सबसे अधिक निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक कंपनियों का विनिर्माण भारत में हो रहा है।

आरबीआई नीति समिति सदस्य बोले- महंगाई का बहुत कम स्तर ठीक नहीं, ब्याज दर में और कटौती जोखिम भरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बाहरी सदस्य राम सिंह ने कहा है कि इस समय ब्याज दरों में और कटौती से जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने महंगाई के बहुत निचले स्तर को व्यवसायों के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि इससे निवेश और रोजगार पर असर पड़ता है। सिंह के अनुसार, वर्तमान मौद्रिक नीतियों का असर अभी भी अर्थव्यवस्था पर जारी है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बाहरी सदस्य राम सिंह का मानना है कि इस मोड़ पर ब्याज दरों में एक बार और कटौती से खतरा बढ़ सकता है।

फिलहाल इसकी जरूरत नहीं है। एक साक्षात्कार में राम सिंह ने कहा, मौद्रिक और राजकोषीय उपायों का असर अब भी जारी है। यानी बैंक और वित्तीय संस्थान रेपो दर में कटौती का फायदा अब भी चरणबद्ध तरीके से दे रहे हैं। सिंह ने एक अक्तूबर को नीतिगत दरों में यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में मतदान किया था। लेकिन, रुख को उदार से तटस्थ करने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी वृद्धि दोनों पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि दोनों के विश्लेषणात्मक उद्देश्य अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा, महंगाई का निचला स्तर व्यवसायों के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि यह निवेश और रोजगार दोनों के फैसलों को प्रभावित करता है। आरबीआई ने अगस्त से लगातार दूसरी बार रेपो दर में कोई कटौती नहीं की है। अक्तूबर की एमपीसी बैठक में भी नीतिगत दर को 5.50 फीसदी पर यथावत रखा गया था।

मौद्रिक हस्तक्षेपों से अर्थव्यवस्था को मिली गति

राम सिंह ने कहा, इस साल रेपो दरों में एक फीसदी की कटौती से मांग में आई तेजी का असर अभी पूरी तरह से सामने नहीं आया है। ऐसे में मौजूदा स्थिति में ब्याज दरों में एक और कटौती जरूरत से ज्यादा हो जाएगी। साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो सकता है। इस वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में मांग और ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई मौद्रिक हस्तक्षेपों से अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

जीएसटी राहत का निवेश मांग पर दिख रहा असर

एमपीसी के बाहरी सदस्य ने कहा, कई संकेतक बताते हैं कि बजट में आयकर के मोर्चे पर रियायत के बाद अब जीएसटी दरों में राहत जैसे उपायों का मांग और निजी निवेश पर अपेक्षित प्रभाव पड़ रहा है।

इंडिगो का 30 चौड़ी बॉडी वाले ए350 विमानों के लिए एयरबस से करार

नई दिल्ली। इंडिगो ने एयरबस के साथ 30 अतिरिक्त ए350-900 विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिससे वाइड-बॉडी विमानों के लिए उसके कुल ऑर्डर 60 हो गए। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के विस्तार के क्रम में यह समझौता किया है। एयरलाइन के पास अब 40 और ए350 परिवार के विमानों के खरीद अधिकार हैं। वर्तमान में इंडिगो के पास 400 से अधिक विमानों का बेड़ा है।

डीजीसीए ने फ्लाइट क्रू परीक्षा के लिए शुरू की कंप्यूटराइज्ड नंबर ऑटो जेनरेशन की सुविधा

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने फ्लाइट क्रू परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर नंबर ऑटो जेनरेशन की सुविधा शुरू की है। यह पहल आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और दस्तावेजों को मैनुअल रूप से जमा करने की जरूरत खत्म करने के लिए है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को एलान किया कि 16 अक्तूबर से शुरू हुई यह सुविधा pariksha.dgca.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। जिन उम्मीदवारों ने सीबीएसई बोर्ड से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास की है, वे डिजीलॉकर के जरिये सत्यापन होने के बाद इसका लाभ उठा सकते हैं। जल्द ही इस सुविधा का विस्तार अन्य मान्यता प्राप्त बोर्डों के लिए भी किया जाएगा। यह कदम नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू के दिशानिर्देशों का हिस्सा है. इस पहल का मकसद बिना

वित्त वर्ष 2026 में चालू खाता घाटा नियंत्रण में रहने की उम्मीद, अमेरिका संग व्यापार वार्ता पर टिकी नजर

नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में देश का चालू खाता घाटा जीडीपी के लगभग 1.2 से 1.5 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति आगामी तिमाहियों में देखने लायक एक महत्वपूर्ण पहलू बनी रहेगी। देश का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के लगभग 1.2 से 1.5 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में प्रगति आने वाले महीनों में एक अहम कारक साबित होगी।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर विशेष नजर बैंक ने कहा कि अमेरिका भारत के इलेक्ट्रॉनिक नियार्तों का एक बड़ा गंतव्य है, और यह क्षेत्र फिलहाल उच्च अमेरिकी टैरिफ से मुक्त है। ऐसे में व्यापार वार्ता की दिशा पर विशेष नजर रखनी होगी।

व्यापार घाटा पिछले साल की तुलना में अधिक

इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026 में भारत का व्यापार घाटा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अब तक अधिक रहा है। हालांकि निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है, फिर भी आयात वृद्धि निर्यात वृद्धि से अधिक बनी हुई है, जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ रहा है।आयात के अंतर्गत, गैर-तेल-गैर-स्वर्ण खंड में वृद्धि देखी गई है, जो घरेलू मांग की स्थिति में सुधार को दर्शाता है।

त्योहारी सीजन में बढ़ेगी घरेलू मांग रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले महीनों में त्योहारी सीजन की मांग के चलते यह रुझान जारी रहने की संभावना है। मौसमी मांग के चलते साल की दूसरी छमाही में सोने का आयात भी बढ़ने की उम्मीद है।

निर्यात के मोर्चे पर भारत ने किया विविधीकरण

हालांकि, तेल की कम कीमतों से कुछ राहत मिल सकती है। यह वैश्विक बाजार में अधिक आपूर्ति की आशंका के बीच मौजूदा स्तर पर बने रहने की उम्मीद है। निर्यात के मोर्चे पर, वृद्धि स्थिर रही है और नए बाजारों में विविधीकरण के उत्साहजनक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य एशियाई साझेदारों को भारत का निर्यात वृद्धि और कुल निर्यात में उनकी हिस्सेदारी, दोनों ही दृष्टि से पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहा है।

इसी प्रकार, स्पेन और जर्मनी जैसे प्रमुख यूरोपीय देशों को निर्यात में भी इस वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रुझान एक सकारात्मक विकास है और इससे वित्त वर्ष 26 के शेष महीनों में निर्यात वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

रोचक तथ्यों का करंट



- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।
- अगर आप गूगल में 'Tilt' शब्द खोजेंगे तो पेज खुद थोडा झुका हुआ रहेगा।
- टूथपेस्ट को कपडों पर लगाकर सूखने तक छोडने के बाद धो देने से दाग निकल जाते हैं।
- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं। हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है। गर्म पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।

राशिफल

मेष: भाग्य के भरोसे न रहें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास करें, क्योंकि भाग्य स्वयं बहुत आलसी होता है। दूसरों पर अधिक खर्च कर सकते हैं।

वृष: दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उधार दिया हुआ पैसा वापस होगा। व्यापार में लाभ होगा। खास लोगों से मुलाकात होगी।

मिथुन: आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। वाहन, मशीनरी या आग का उपयोग करते समय सावधानी बरतें।

कर्क: तनाव का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। आज आप दूसरों की सलाह मानकर निवेश करेंगे तो आर्थिक नुकसान लगभग तय है।

सिंह: आज दिन सामान्य रहेगा। कुछ कार्यों में रुचि न होने के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है। आपके कुछ काम अधूरे रह सकते हैं।

कन्या: स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं इसलिए सेहत को लेकर लापरवाही न करें। कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है। व्यवसाय में कोई नई योजना लागू होगी।

तुला: अगर ज्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं तो बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं। उनका प्यार भरा आलिंगन और मुस्कान परेशानियों का अंत कर देगी।

वृश्चिक: आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आपका रुका हुआ काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। आप सकारात्मक विचारों से भरे रहेंगे।

धनु: आज आपको पार्टनर से सहयोग और धन की प्राप्ति हो सकती है. व्यापार में नई योजनाएँ बन सकती हैं। सफलता के नए रास्ते मिलेंगे।

मकर: शाम कई तरह की भावनाओं से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है। पैसा अचानक आएगा, जो आपके खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

कुंभ: सहकर्मी और परिवार के सदस्य आपकी मदद करेंगे। ऑफिस में कोई शुभ समाचार मिलेगा। व्यावसायिक मामलों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

मीन: आज आप पैसों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। दांपत्य जीवन में आज नया मोड़ आएगा और आपको अपने जीवन साथी की अहमियत का पता चलेगा।

चुटकुले

ससुर जी : दामाद जी, इस बार दीवाली पर क्या जलाएँगे?
दामाद : बस बीवी का मूड ठीक रहा, तो घर के दीये ही काफी हैं!

पप्पू : मम्मी, आज कितनी मिठाइयाँ खा सकता हूँ?
माँ : बस दो!
पप्पू : लेकिन मम्मी, एक तो टेस्टिंग में चली गई!

दोस्त : यार, इस बार पटाखे नहीं खरीद रहा हूँ!
दूसरा दोस्त : क्यों भाई, डर गया क्या?
पहला : नहीं, बीवी ने कहा है लक्ष्मीजी नाराज हो जाएँगी...
मतलब अब फुलझड़ी भी नहीं, बस फुल झगड़े हैं घर में!

पत्नी : सुनो जी, दीया जलाने से घर में रौशनी आती है
पति : और गैस का बिल भी कम आता है!
पत्नी : मतलब?
पति : चलो फ्रिज भी दीयों से ठंडा कर लेते हैं!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

'रोहित-कोहली मेरी मदद...'

वनडे कप्तान बनने के बाद शुभमन गिल ने दो दिग्गजों के साथ संबंधों का किया खुलासा

नई दिल्ली। शुभमन गिल जब से भारत की वनडे टीम के नए कप्तान बने हैं तब से एक सवाल ये था कि उनके और रोहित शर्मा-विराट कोहली के बीच संबंध कैसे रहेंगे। रोहित को हटाकर ही गिल को कप्तान बनाया गया है। हालांकि, इन दोनों खिलाड़ियों का वनडे वर्ल्ड कप-2027 में खेलना मुश्किल लग रहा है।

वनडे कप्तानी मिलने के बाद गिल ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर दोनों दिग्गजों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया और बताया कि नेतृत्व बदलने के बाद क्या-क्या बदला है। गिल ने साफ मना कर दिया है कि उनके और दो दिग्गजों के बीच किसी तरह का मनमुटाव नहीं है।

बाहर का पक्ष अलग

गिल के वनडे कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद भारत पहली बार 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए गिल ने कहा कि बाहर जो बातें हो रही हैं वो अलग हैं। गिल ने कहा, मुझे लगता है कि बाहर जो बातें हो रही हैं वो काफी अलग हैं, लेकिन हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ वैसा ही है जैसे पहले था और वो दोनों काफी मददगार हैं। वो जो भी महसूस करते हैं, जो भी अनुभव उनके पास है, पिच को पढ़ने का, स्थितियों को समझने का, मैं उनके पास जाता हूं और पूछता हूं कि वह क्या सोचते हैं। मैं लोगों के विचार जानना पसंद करता हूं और फिर अपनी समझ से फैसले लेता हूं।

मेरे दोनों से संबंध अच्छे हैं

गिल ने कहा कि उनके दोनों ही दिग्गजों के साथ अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, ₹मेरी विराट भाई और रोहित भाई दोनों से अच्छी दोस्ती है। जब भी मुझे किसी तरह का कोई संदेह होता है मैं उनके पास सलाह के लिए जाता हूं। उनकी सलाह मांगता हूं और वह मुझे बताने में बिल्कुल नहीं कतराते। मुझे लगता है कि ये अनुभव की सबसे बड़ी पूंजी है।

फीफा रैंकिंग में भारत पुरुष फुटबॉल टीम का नौ साल का निचला स्तर

सिंगापुर से मैच के बाद आया बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को FIFA रैंकिंग में 136वें स्थान पर आ गई, जो पिछले नौ वर्षों में सबसे निचला स्तर है। यह गिरावट सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद हुई, जिससे टीम की 2027 एशियाई कप क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी धूमिल हो गईं।

भारत की टीम दो स्थान नीचे गिरकर 136वें स्थान पर आ गई, जो कुवैत से एक स्थान नीचे और बोत्सवाना से एक स्थान ऊपर है। इससे पहले भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग नवंबर 2016 और अक्टूबर 2016 में 137वीं थी। वहीं, भारत की अब तक की सर्वोच्च रैंकिंग 94वीं थी, जो फरवरी 1996 में हासिल की गई थी।

सिंगापुर के खिलाफ प्रदर्शन

एशियाई कप क्वालिफाइंग के तीसरे राउंड में भारत ने सिंगापुर के साथ आउटडोर मैच में 1-1 ड्रॉ खेला। इसके बाद 14 अक्तूबर को मार्गाओ में होम-लेग मैच में 1-2 की हार के साथ टीम को और नुकसान उठाना पड़ा। इस हार ने भारत की एशियाई कप 2027 के लिए क्वालिफाई करने की राह लगभग बंद कर दी। टीम के सामने अब कड़ी मेहनत और सुधार का चुनौतीपूर्ण रास्ता है।

भविष्य की चुनौती

इस गिरावट के बाद भारत की टीम के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती है खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखना और रणनीति सुधारना। टीम को आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों और टूर्नामेंट में सकारात्मक प्रदर्शन के लिए तैयारी करनी होगी ताकि रैंकिंग में सुधार हो सके और 2027 एशियाई कप में फिर से क्वालिफाई किया जा सके। इस गिरावट ने साफ कर दिया है कि एशियाई कप और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए टीम को तुरंत मजबूत और संगठित प्रदर्शन की आवश्यकता है।

भारतीय टीम का शानदार कमबैक, पहला AFC व-17 विमेंस एशियन कप क्वालिफिकेशन हासिल किया

नई दिल्ली। भारतीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम ने शुक्रवार को उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर पहली बार एएफसी अंडर-17 विमेंस एशियन कप के लिए क्वालिफाई किया। टीम ने शुरूआती गोल के बाद पीछे रहकर मुकाबला पलटा और ग्रुप जी में शीर्ष स्थान हासिल किया, छह अंक लेकर सीधे क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया।

मैच के 38वें मिनट में उज्बेकिस्तान की शखजोदा अलीखोनोवा ने बढ़त दिलाई थी। इस गोल के बाद भारत की स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इसी बीच, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने पहले हाफ में महत्वपूर्ण बदलाव किया। 40वें मिनट में बोनीफिलिया शुल्लाई की जगह थंडामोनी बास्के को उतारा।

मैच के बाद कोच ने कहा, 'थंडामोनी का बदलाव ही मैच की दिशा बदलने वाला मोमेंट साबित हुआ।' मैच की शुरूआत में उज्बेकिस्तान आक्रामक खेल रहा था, खासकर बाईं फ्लैंक से भारतीय डिफेंस पर दबाव डाल रहा था। वहीं भारत की टीम ने काउंटर अटैक पर भरोसा रखा। अनुष्का कुमारी ने बॉक्स के बाहर से वॉली शॉट लिया, जिसे उज्बेकिस्तान की गोलकीपर मारिया खलकुलोवा ने आसानी से पकड़ा। पहले हाफ में कई मौके बनाने के बावजूद भारत पीछे रह गया था, और मैच का तनाव बढ़ गया था। टीम की क्लियरेंस, पास और बिल्ड-अप थोड़े हड़बड़ी भरे लग रहे थे, लेकिन थंडामोनी बास्के की तेजी और डेडिकेशन ने सबकुछ बदल दिया।

अफगानिस्तान को दर्द देने के बाद भी ट्राई सीरीज खेलने तैयार है बेशर्म पाकिस्तान!

नई दिल्ली। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए हमले के बाद भी उसकी बेशर्म कम नहीं हो रही है। पाकिस्तान ने अब एक और हैरान करने वाला फैसला किया है। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए हमले में अफगानिस्तान के तीन युवा क्रिकेटर मारे गए थे जिसके बाद उसने अगले महीने वाली ट्राई सीरीज से नाम वापस ले लिया था।

दूसरी टीमों से हो रही है चर्चा

वह दूसरे क्रिकेट बोर्डों से अफगानिस्तान को रिप्लेस करने की बात कर रहे हैं। रिपोर्ट में एक सीनियर अधिकारी के हवाले से लिखा है, ₹अफगानिस्तान के पीछे हटने के बाद भी ट्राई सीरीज अपने शेड्यूल के मुताबिक होगी। हम रिप्लेसमेंट के बारे में विचार कर रहे हैं और एक बार जब नाम तय हो जाएगा हम इसका एलान कर देंगे।

इन टीमों से हो रही है चर्चा

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि बोर्ड इस समय एसोसिएट सदस्यों से सीरीज में हिस्सा लेने की अपील कर रहा है जिसमें नेपाल और यूएई के नाम शामिल हैं ।हालांकि, उनकी प्राथमिकता टेस्ट खेलने वाले देशों में से किसी को चुनने की है। इस सीरीज से पहले पाकिस्तान तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा।

पाकिस्तान पर इसका असर नहीं हुआ है और उसके क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि ट्राई सीरीज के लिए जो शेड्यूल तय किया गया था वही रहेगा।

अफगानिस्तान के पाकटिका प्रांत में पाकिस्तान की एयरस्ट्राक में कई लोग मारे गए जिसमें अफगानिस्तान के तीन युवा क्रिकेटर शामिल हैं। इस हमले के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 17 से 29 नवंबर के बीच पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ होने वाली ट्राई सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया।

'रो-को आ गए', विराट-रोहित के डर से कांप रहा है ऑस्ट्रेलिया

कंगारू टीम के कप्तान कर रहे हैं 'शांति' की दुआ

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा पहली बार टीम इंडिया की जर्सी पहनने तैयार हैं। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे मैच में पर्थ में उतरेगी। इससे पहले मेजबान टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने शांति की दुआ है।

रोहित और कोहली दिग्गज बल्लेबाज हैं और मार्श जानते हैं कि अगर उनका बल्ला चल गया तो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की शामत तय है। मार्श इन दोनों की वापसी से कांप रहे हैं। सिर्फ मार्श ही नहीं बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम इन दोनों बल्लेबाजों के कारण डर में है।

दोनों है दिग्गज

मार्श इस टीम में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि पैट कमिंस चोटिल हैं। मार्श ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे इन दोनों के खिलाफ खेलने का मौका मिला है। दोनों खेल के लीजेंड्स हैं। विराट खासकर सफेद गेंद में चेज मास्टर हैं। इसी कारण आप देख सकते हैं टिकट सेल्स कितनी ज्यादा हुई है। अगर ये ऑस्ट्रेलिया में उनका आखिरी सीरीज है तो मुझे लगता है कि वह इसको इन्जॉय करेंगे। मुझे लगता है कि लोग उन्हें देखेंगे, दोनों से ज्यादा क्रिकेट नहीं बची है, लेकिन दोनों को ऑस्ट्रेलिया में खेलते देखना शानदार होगा।

जमकर बिके टिकट

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, तीन मैचों की वनडे सीरीज के अभी तक 1,75,000 टिकट बिक चुके हैं। इसका कारण रोहित और विराट कोहली का वनडे सीरीज खेलना है। दोनों ने ओप्टस स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया और दोनों को देखने भी काफी भीड़ आई थी।

पैट कमिंस नहीं खेले तो कौन होगा ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान?

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के नियमित टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की पीठ की चोट ने उन्हें भारत के खिलाफ वाइट-बॉल सीरीज से बाहर कर दिया है। उनकी चोट गंभीर है और एशेज में भी उनके खेलने पर खतरा मंडरा रहा है। अब मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का बड़ा बयान सामने आया है।

एशेज की शुरूआत 21 नवंबर से हो रही है और उसमें भी कमिंस के खेलने की संभावना नहीं के बराबर है। ऐसे में पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की टीम की कमान संभालेंगे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'अगर पैट नहीं खेलते, तो स्मज (स्टीव स्मिथ) कप्तानी संभालेंगे। हमारे लिए यह रोजमर्रा का नियम है। यह फार्मूला पहले भी काम कर चुका है। चाहे पैट खेल रहे हों या नहीं, वह टीम के आसपास रहना चाहेंगे।

किरण नवगिरे ने मचा दिया तूफान, महिला क्रिकेट में ठोका सबसे तेज टी20 शतक, लगा दी रिकॉर्ड्स की झड़ी

2022 में सबसे पहले चर्चा में आई थीं किरण नवगिरे

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेटर किरण नवगिरे ने अपनी तूफानी बैटिंग से इतिहास रच दिया है। किरण ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में ये कारनामा किया है। महाराष्ट्र की इस बल्लेबाज ने नागपुर के खिलाफ तूफानी शतक जमाय रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में सबसे तेज शतक है।

किरण ने 36 गेंदों का सामना करते हुए 106 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और सात छक्के मारे। उनके इस तूफानी शतक के दम पर महाराष्ट्र ने 11 रनों के टारगेट को आठ ओवरों में हासिल कर लिया और नौ विकेट से जीत हासिल की। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 302.86 का रहा।

न्यूजीलैंड की खिलाड़ी को छोड़ा पीछे

महिला टी20 में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड किरण से पहले सोफी डिवाइन के नाम था जिन्होंने वेलिंग्टन के लिए ओटागो के खिलाफ 36 गेंदों पर शतक जमाया था। किरण पहली महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने 300 की स्ट्राइक रेट से शतक जमाया है।

उन्होंने दूसरे विकेट के लिए मुक्ता मागरे के साथ मिलकर 103 रनों की साझेदारी की। किरण की तूफानी बैटिंग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुक्ता के बल्ले से सिर्फ छह रन ही निकले थे। महाराष्ट्र का स्कोर महिला टी20 क्रिकेट में शतक जमाए गए मैचों में सबसे कम स्कोर के तौर पर दर्ज हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड सीएसए टी20 में एनेरी डकसन के नाम था जिन्होंने 123 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए अकेले 106 रन बनाए थे।

पहला भी दिखा चुकी हैं तूफान

भारत के लिए खेल चुकी किरण सबसे पहले चर्चा में तब आई थीं जब उन्होंने साल 2022 में महिला टी20 ट्रॉफी में कुल 35 छक्के मारे थे। इसी टूर्नामेंट में वह अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 76 गेंदों पर 162 रनों की पारी खेलने में सफल रही थीं। इसी के साथ वह पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया था।

तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा ने इतिहास रचा

विश्वकप फाइनल में भारत की पहली महिला कांस्य पदक विजेता बनीं

नई दिल्ली। भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को चीन के नानजिंग में विश्व कप फाइनल में इतिहास रचते हुए कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि उन्हें भारत की पहली महिला कंपाउंड आर्चरी विश्व कप फाइनल पदक विजेता बनाती है। एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने ब्रिटेन की विश्व रैंकिंग नंबर दो खिलाड़ी एला गिब्सन के खिलाफ 15 परफेक्ट तीरों के साथ शानदार प्रदर्शन किया और 150-145 से जीत हासिल की।

क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल का सफर

ज्योति ने आठ-आर्चर विश्व कप फाइनल में क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रूइज को 143-140 से हराकर आत्मविश्वास से शुरूआत की। सेमीफाइनल में उन्हें मेक्सिको की विश्व नंबर 1 एंड्रिया बेसेरा से 143-145 की करीबी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद ज्योति ने कहा, 'तीसरे एंड के बाद मैं एक अंक से आगे थी (87-86), लेकिन एंड्रिया ने चौथे एंड में तीन 10s मारे और पांचवें एंड में 29-28 से मुझे पछाड़ दिया।' हालांकि, सेमीफाइनल में हार के बाद भी ज्योति ने संयम और मानसिक मजबूती दिखाई।

कांस्य पदक मैच में धमाकेदार वापसी

ज्योति ने कांस्य पदक मुकाबले में शानदार वापसी की और पांच एंड में लगातार 15 10s शूट कर एला गिब्सन को 150-145 से हराकर अपनी पहली विश्व कप फाइनल पोडियम फिनिश सुनिश्चित की। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। विश्व कप फाइनल में कांस्य जीतना मेरे करियर का अब तक का सबसे यादगार अनुभव है।' ज्योति की यह विश्व कप फाइनल में तीसरी उपस्थिति थी। उन्होंने इससे पहले 2022 के Tlaxcala और 2023 के हर्मोसिल्लो संस्करणों में भाग लिया था, लेकिन दोनों बार शुरूआती दौर में बाहर हो गई थीं।

भारतीय टीम के अन्य प्रदर्शन

महिला कंपाउंड श्रेणी में भारत की मधुरा धमांगांवकर ने पहले दौर में 142-145 से मेक्सिको की मरियाना बर्नाल से हारकर बाहर हो गई। पुरुष कंपाउंड श्रेणी में ऋषभ यादव भारत के एकमात्र प्रतिभागी हैं और उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया के किम जोंघो से आज होगा। रिकर्व श्रेणी में कोई भी भारतीय खिलाड़ी क्वालीफाई नहीं कर पाया।

भाजपा पार्षद अमित त्यागी ने दीपावली पर सफाई कर्मियों को उपहार देकर किया सम्मानित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा पार्षद अमित त्यागी ने दीपावली पर सम्मान और सौहार्द की एक नई पहल की। उन्होंने अपने वार्ड में सफाई कर्मचारियों से लेकर पार्क के मालियों को उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं उनकी पत्नी और उनके पुत्र गर्व त्यागी ने भी क्षेत्र में जनता से मुलाकात की और जन सेवा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानित किया।

उप निबंधक कार्यालयों में तैनात होंगे भूतपूर्व सैनिक और होमगार्ड

सुरक्षा व्यवस्था में होगा बड़ा सुधार

शासनादेश के अनुसार, सुरक्षा सेवाओं की तैनाती उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम लिमिटेड एवं होमगार्ड विभाग के माध्यम से की जाएगी।

नोएडा करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवेन्द्र जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के कुल 380 उप निबंधक कार्यालयों में अब भूतपूर्व सैनिकों एवं होमगार्डों की तैनाती सुरक्षा गार्ड के रूप में की जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य अभिलेखों, संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों, कंप्यूटर प्रणाली तथा अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

मुख्य सचिव अमित गुप्ता द्वारा महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इस व्यवस्था के अंतर्गत कुल 315 भूतपूर्व सैनिकों एवं 789 होमगार्डों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए शासन ने वार्षिक 40.53 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। यह व्यय पूरी तरह शासन स्तर से वहन किया जाएगा ताकि सुरक्षा प्रबंधों को बिना किसी बाधा के लागू किया जा सके।

शासनादेश के अनुसार, सुरक्षा सेवाओं की तैनाती उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम लिमिटेड एवं होमगार्ड विभाग के माध्यम से की जाएगी। महानिरीक्षक निबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे न्यूनतम आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें और इसकी प्रगति रिपोर्ट शासन को भेजें। विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया है कि जिन उप निबंधक कार्यालयों का संचालन निजी परिसरों या किराए के भवनों में किया जा रहा है, वहां भी सुरक्षा गार्ड की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाए। इसके अलावा प्रदेश के 269 कार्यालयों में 789 होमगार्ड विशेष रूप से तैनात किए जाएंगे जिनके भुगतान के लिए लगभग 3.37 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।

ग्रेटर नोएडा में जल्द तैयार होगा शारदा गोल चक्कर से हिंडन पुल तक का रास्ता

करीब एक किमी लंबी सड़क का चल रहा है निर्माण कार्य, करीब 35 प्रतिशत काम हुआ पूरा

ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम। नॉलेज पार्क-3 के पास से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच बन रहा नया रास्ता मार्च, 2026 तक शुरू हो जाएगा। अभी शारदा गोल चक्कर से हिंडन पुल तक सड़क बनाने का काम चल रहा है। जो करीब 35 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अफसरों का कहना है कि सड़क के निर्माण को तेजी के साथ पूरा कराया जाएगा।

रास्ता शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी। नोएडा-ग्रेनो के बीच एक और रास्ता बन जाएगा। ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बीच अभी चार संपर्क मार्ग है, लेकिन वहां काफी यातायात रहता है। कुछ इलाके ऐसे है, जहां लोगों को आने-जाने में काफी समय लगता है। इस कारण नॉलेज पार्क-3 और नोएडा के सेक्टर-146 के बीच एक नया रास्ता बनाया जा रहा है। इसके लिए हिंडन नदी पर पुल बनाने का काम चल रहा है। जो 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है।

अब दोनों तरफ सड़क बनाने का काम चल रहा है। वहीं शारदा विश्वविद्यालय के पास पुश्ता से लगा अंडरपास भी बनकर तैयार है। अंडरपास से पुल तक करीब एक किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जो करीब 35 प्रतिशत पूरा हो चुका है।अफसरों का कहना है कि सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। जल्द से जल्द सड़क का निर्माण पूरा किया जाएगा। नया रास्ता शुरू होने के बाद परी चौक और सूरजपुर की तरफ यातायात का दबाव कम हो जाएगा। एलजी गोल चक्कर से होकर लोग नोएड-ग्रेटर नोएडा आ जा सकेंगे। अफसरों ने बताया कि मार्च 2026 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस पर 25 करोड़ की लागत आएगी।

महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

थाना वेव सिटी में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन व इंसीनरेटर की स्थापना

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शनिवार को थाना वेव सिटी क्षेत्र के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय रधुनाथपुर में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर की स्थापना की गई। यह पहल भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, इनर व्हील क्लब एवं थाना वेव सिटी पुलिस के संयुक्त सहयोग से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्रांड एम्बेसडर डॉ. ऋचा शर्मा और थाना वेव सिटी की पुलिस टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबर 1930/155260/1090/181/112/1076) की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में मासिक धर्म से जुड़े भ्रांतियों को दूर करना, जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है।

सम्मान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चाय बेचने वाले वीरेंद्र कुमार मध्य प्रदेश वाले को शहर विधायक संजीव शर्मा ने प्रभु श्री कृष्ण श्री राधा रानी जी की मूरत देकर उनका अभिनंदन किया। एक हाथ में चाय की केतली और एक हाथ में कप लेकर पहुंचे तो एक आम नागरिक को एहसास हुआ कि जनता के नेता कैसे होते हैं और जनप्रतिनिधि कैसे होते हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा की यही सरलता सहजता उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर लाती है।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कवि नगर में रंगोली एवं थाली सजावट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दीपोत्सव के पावन अवसर पर पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय, कवि नगर में रंगोली एवं थाली सजावट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और सुंदर ढंग से सजी थालियों ने पूरे परिसर को आकर्षक बना दिया। बच्चों की रचनाओं में भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों की भावना की झलक स्पष्ट दिखाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सृजनात्मक सोच, टीम भावना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति लगाव को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यापकगण, अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे और बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की।

साइबर ठग ने 25 हजार रुपये ठगे

साहिबाबाद करंट क्राइम। साइबर ठग ने ब्रजविहार निवासी भूपेश शर्मा से एक ऑनलाइन एप पर सामान खरीदने के बहाने उनके खाते में पैसे ट्रांसफर किए। फिर झांसे में लेकर 25 हजार रुपये ठग लिए। ठगी होने पर व्यक्ति ने लिंक रोड थाना पुलिस से मामले की शिकायत की है। भूपेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुछ घरेलू सामान बेचना चाहते थे। उन्होंने एक ऑनलाइन एप पर उसका विज्ञापन डाला। इसके बाद उनको एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उनका सामान खरीदने के लिए कहा। कॉलर ने भूपेश शर्मा के खाते में पहले पांच रुपये भेजे। बाकी पैसे उनके खाते में ट्रांसफर नहीं होने की बात कही। भूपेश ने अपनी बेटी का नंबर भेजा और उसमें पैसे डालने के लिए कहा। कॉलर ने बेटी को डराया और कहा कि उसके खाते में बहुत पैसे हैं, वह सब निकाल लेगा। कॉलर ने झांसे में लिया और बेटी को धमकाना शुरू किया। बेटी के खाते के पैसे बचाने के लिए पीड़ित ने आरोपी को 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में भरभराकर गिरा छज्जा

गाजियाबाद करंट क्राइम। सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा-यमुना हिंडन अपार्टमेंट में भवन के जर्जर होने के कारण बृहस्पतिवार को बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। यहां का छज्जा भरभरा कर गिर गया। इसके बाद लोगों में भय का माहौल है। आरडब्ल्यूए ने इसकी शिकायत लखनऊ जाकर आवास विकास परिषद आयुक्त से की और जिले के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

एओए अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि प्लंबर तीसरी मंजिल पर झूले की मदद से छज्जे पर खड़े होकर लीकेज रिपेयर कर रहा था। तभी जर्जर छज्जा भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि प्लंबर सेफ्टी बेल्ट के साथ कार्य कर रहा था। इस कारण गिरने से बच गया और झूले पर लटका रह गया। त्रिपाठी ने बताया जर्जर भवन की मरम्मत के लिए कई बार उप्र आवास विकास परिषद में शिकायत की गई। मगर परिषद लापरवाह बना हुआ है। आरडब्ल्यूए ने इसकी शिकायत शुक्रवार को लखनऊ जाकर आवास विकास परिषद आयुक्त बलकार सिंह से की।

आवास आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में भवन जर्जरता के अतिरिक्त भवन पेंटिंग, विद्युत ढांचा यूपीपीसीएल को हस्तांतरण, अग्निशमन सुरक्षा यंत्रों की मरम्मत, शेष 9 लिफ्ट के हस्तांतरण आदि की शिकायत की गई। आवास आयुक्त ने विद्युत अधीक्षण अभियंता सीपी सिंह को फटकार लगाते हुए 15 दिन में विद्युत, फायर फाइटिंग और लिफ्ट की समस्या दूर करने की चेतावनी दी। इस मौके पर रेलवे बोर्ड सदस्य अनिल पांडे, उपाध्यक्ष रंजन कुमार, शंकरलाल वत्स, अरविंद राय आदि उपस्थित रहे।

कब सेट बैठेगी कई टू-स्टारों की सेटिंग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो सैकड़ो टू-स्टार तैनात हैं, पर टीआरपी और चर्चाएं कुछ की ही सुनाई देती है। सुनने में आ रहा है कि भले जिले में दीपावली के बाद बदलाव वाली चर्चा हो रही है पर दो ऐसे टू-स्टारों की चर्चा हो रही है, जिनकी सेटिंग इन दिनों आउट चल रही है। कभी वह नदिया पार के और देहात के थानों में रहे हैं लेकिन उनकी गाड़ी पटरी से ऐसे उतरी कि फिर वह मेल पर सवार नहीं हो पा रहे हैं। पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक लाइन में तो दूसरे नदिया पार के एक थाने में बैठे हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही टू-स्टारों की सेटिंग में लोचा हो गया है, इसीलिए वह थोड़ा साइड लाइन चल रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि एक थाने का मामला भी इन दिनों काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि वहां इस समय एक जाति वालों की जय जयकार है, तो कई दूसरे वाले परेशान चल रहे हैं। इसके साथ ही सूत्र जानकारी दें रहे हैं कि छठ पूजा के बाद गाजियाबाद में फिर कई चेहरों की छटनी होने की चर्चा सुनाई दे रही है। वैसे ग्रीन वाले पटाखों के आदेश तो जोरदार हुए हैं ,पर शनिवार को दुकानों के लगने का सिलसिला पूरा नहीं हो पाया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों क्राइम पर कंट्रोल करने वालों ने कई थानों व सर्किलों को टेंशन प्रदान की हुई है, इसी भी चर्चाएं चल रही हैं।

उधर सुनने में आ रहा है कि कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नवंबर के फर्स्ट वीक में कई थानों के फेस बदलने के साथ रिप्लेस किए जाएंगे। तो वही अगर एक थ्री-स्टार को रेस मिल गई और उनका ग्रेस वाला मामला सेट हुआ तो वह नदिया पार के टॉप वाले थाने पर अपनी कुर्सी जमाएंगे। वैसे बताया जा रहा है कि प्रदेश वाली लिस्ट में दीपावली के बाद कुछ बदलाव के साथ उसको रखना किया जाना है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों क्राइम ब्रांच वालों का सिक्का जमा हुआ बताया जा रहा है। वह खुलासों से लेकर इलाके तक अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। जिससे कई दावेदार टेंशन वाले मोड में चल रहे हैं। कुल मिलाकर अक्टूबर का लास्ट और नवंबर का पहला सप्ताह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सेटिंग से आउट चल रहे टू-स्टारों की वापसी करने वाला बन सकता है। इसके साथ ही एक आईपीएस की यह लास्ट लिस्ट रहेगी।

नोएडा में बाढ़ पीड़ितों के लिए सनातन क्रिकेट लीग का आयोजन, धर्माचार्यों की टीमें मैदान में

नोएडा। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए शनिवार को सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में सनातन न्यास फाउंडेशन द्वारा सनातन क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इसमें देश के प्रमुख धमार्चार्यों की टीमों ने भाग लिया।

यह मैच बाढ़ पीड़ितों को सहायता देने के लिए आयोजित किया गया है। इस टीम में बाबा बागेश्वर धाम बजरंग ब्लास्टर, देवकीनंदन ठाकुर की वृंदावन वॉरियर्स, चिन्मयानंद बाबा की राधे रॉयल और इंद्रेश उपाध्याय की राघव राइडर की टीमों ने भाग लिया। 10-10 ओवर का यह मैच सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। यह मैच दोपहर तक चला। नोएडा स्टेडियम में आयोजित इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। खेल के बीच में धार्मिक नारे भी लोगों ने लगाए। इनमें ज्यादातर बाबा लोगों के शिष्य और प्रशंसक थे। मैच के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पहला मैच बाबा बागेश्वर धाम और देवकीनंदन ठाकुर के बीच हुआ।

इस दौरान सभी धमार्चार्यों ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए अपने भक्तों से अपील की। जिसमें 100 रूपए से लेकर 11 हजार और 25 हजार रुपए तक सहयोग देने का आह्वान किया गया है। पूरे मैच के दौरान बाबा बागेश्वर धाम फील्डिंग और बोलिंग करते हुए नजर आए। वहीं देवकीनंदन ठाकुर बल्लेबाजी और फील्डिंग करते हुए नजर आए। बाबा बागेश्वर धाम ने भी अपनी टीम की तरफ से बल्लेबाजी की।

15 साल की किशोरी से ममेरे भाई ने किया रेप:वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल, केस दर्ज

मोदीनगर करंट क्राइम। मोदीनगर में एक 15 वर्षीय किशोरी से उसके ममेरे भाई द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने पिछले छह महीनों में चार बार इस वारदात को अंजाम दिया और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित किशोरी की मां के अनुसार, मार्च माह में उनकी बेटी घर पर अकेली थी, तभी उसका ममेरा भाई शादी का कार्ड देने आया। आरोप है कि उसने बच्ची को अकेला पाकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा।

एक सप्ताह पहले भी आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, जिसके बाद किशोरी ने यह बात अपने परिजनों को बताई। जब पीड़ित पक्ष ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की, तो उन्होंने अभद्रता की और मारपीट भी की। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके बयान दर्ज कराए जाएंगे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज मां लक्ष्मी के पूजन का पर्व है। समर कूल समूह चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी लाडली पोती के साथ एक बहुत ही सुंदर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर घर में किसी न किसी रूप में लक्ष्मी का वास होता है बस जरूरत केवल पहचानने की है। दादू पोती की प्यारी सी मुस्कान और बहुत ही प्यारा सा संदेश लिए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

3 अफगान क्रिकेटर्स समेत 8 की मौत रिहाइशी इलाकों में पाक ने किया हमला

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के सीमाई प्रांत पक्तिका में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमले में तीन अफगान क्रिकेटर्स समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि ये खिलाड़ी अगले महीने पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला में हिस्सा उरगुन से पक्तिका प्रांत के शाराना गए थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों खिलाड़ियों के नाम कबीर, सिबघतुल्लाह और हारून बताए और बताया कि हमले में पांच अन्य लोग भी मारे गए। एसीबी ने इसे पाकिस्तानी शासन द्वारा किया गया एक कायराना हमला बताया। इस हमले के बाद, अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला से अपना नाम वापस ले लिया। एसीबी ने हमले के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। पाकिस्तान अपनी दोगली हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के साथ जारी संघर्ष विराम के बीच पक्तिका प्रांत में नागरिकों को निशाना बनाकर हवाई हमले किया है। एक तालिबान अधिकारी ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने संघर्ष विराम

तोड़ दिया है। एक तालिबानी अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के अरगुन और बरमल जिलों में आवासीय इमारतों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान ने युद्धविराम तोड़ दिया है और पक्तिका में तीन जगहों पर बमबारी की है। यह घटना अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच कथित तौर पर अस्थायी संघर्ष विराम बढ़ाए जाने की खबरों के कुछ घंटों बाद हुई है। बता दें कि शुक्रवार शाम को समाप्त होने वाला संघर्ष विराम दोहा वार्ता के समापन तक बढ़ा दिया गया है।

लगभग एक हफ्ते पहले शुरू हुई झड़पों के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दर्जनों सैनिक और नागरिक मारे गए हैं। जिसके बाद दोनों देश के बीच दो दिन पहले 48 घंटे का संघर्ष विराम लागू हुआ था।

पाकिस्तान अब अफगानिस्तान के साथ पहले जैसे रिश्ते नहीं रख सकता : ख्वाजा आसिफ

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अब अफगानिस्तान के साथ पहले जैसे रिश्ते नहीं रख सकता। उनकी यह टिप्पणी 48 घंटे के संघर्ष विराम की समय सीमा समाप्त होने के बाद आई है। हालांकि, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्धविराम की अवधि इसलिए बढ़ा दी गई है क्योंकि दोनों पक्षों के प्रतिनिधि मौजूदा तनाव का समाधान ढूंढने के लिए कतर के दोहा में मिलने वाले हैं। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान अब काबुल के साथ पहले जैसे रिश्ते नहीं रख सकता। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी धरती पर रहने वाले सभी अफगानों को अपने वतन लौटना होगा। हमारी जमीन और संसाधन 25 करोड़ पाकिस्तानियों के हैं। उन्होंने कहा, आत्मसम्मान वाले देश विदेशी जमीन और संसाधनों पर नहीं पनपते। उन्होंने अफगानिस्तान को धमकी देते हुए कहा, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद जहां भी पनपेगा, वहां से भारी कीमत वसूल की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, अब न तो विरोध पत्र देंगे और न ही शांति की अपील की जाएगी और कोई प्रतिनिधिमंडल काबुल नहीं जाएगा। आतंकवाद का स्रोत चाहे कहीं भी हो, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत के खिलाफ अपनी भड़ास निकालते हुए आसिफ ने यह भी आरोप लगाया कि अफगानिस्तान भारत का छद्म बन गया है और नई दिल्ली तथा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रच रहा है। काबुल के शासक भारत की गोद में बैठकर पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी हमले की चेतावनी

तालिबान सरकार ने कहा- हवाई हमलों का जवाब देने का अधिकार

इस्लामाबाद/काबुल। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अफगानिस्ता को शांति और अशांति के बीच चयन करने की चेतावनी दी। उन्होंने तालिबान शासन से कहा कि वह पाकिस्तान के अंदर हमले करने के लिए अफगानिस्तान की धरती का उपयोग करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्तऔर तत्काल कार्रवाई करे। वहीं, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल में हुई खूनी झड़प और हवाई हमलों के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधि आज दोहा में शांति वार्ता के लिए मुलाकात करने जा रहे हैं।

इस बीच, तालिबान सरकार ने स्पष्ट कहा है कि अफगानिस्तान को पाकिस्तान के हवाई हमलों का जवाब देने का पूरा हक है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान शांति और बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हाल की घटनाएं पाकिस्तान की आक्रामकता की वजह से हुई हैं। मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार आज पाकिस्तान के साथ बातचीत दोहा में होनी है। इसके लिए अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोहा के लिए रवाना हो चुका है। हालांकि, उन्होंने बताया कि बातचीत से ठीक पहले बीती रात पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका प्रांत के आम नागरिक इलाकों में फिर से हवाई हमले किए। जिसमें कई आम नागरिकों की मौत और घायल होने की खबर है। तालिबान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया।

मुजाहिद ने कहा, इस्लामी अमीरात इन हमलों का जवाब देने का अधिकार रखता है। लेकिन अपने वार्ताकारों की गरिमा और बातचीत की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नई सैन्य कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। हम दोहराते हैं कि अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति और समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हालिया घटनाएं पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर से की गई आक्रामकता का नतीजा हैं। टोलो न्यूज के अनुसार, इस बीच पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल भी दोहा पहुंच गया है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और खुफिया प्रमुख असीम मलिक शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कंधार के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अफगान सीमा बलों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच झड़पों की वजह से स्पिन बोल्दक इलाके से करीब 20,000 परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से की गई अंधाधुंध बमबारी की वजह से ये लोग रेगिस्तानी इलाकों और अन्य असुरक्षित जगहों पर जाकर शरण ले रहे हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। इन विस्थापित परिवारों की मदद के प्रयास जारी हैं।

बलूचिस्तान में कमिश्नर का अगवा बेटा दो महीने बाद मिला

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो महीने पहले अगवा किए गए असिस्टेंट कमिश्नर मुहम्मद अफजल के बेटे मुस्तनसर बिलाल को सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद कर लिया है। हालांकि, कमिश्नर अब भी लापता हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी खोज जारी है। बता दें, घटना के वक्त अपहरणकताओं ने बाकी परिवार को छोड़ दिया था और सरकारी वाहन को जला दिया था। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में करीब दो महीने पहले जियारत इलाके से अगवा किए गए शीर्ष सरकारी अधिकारी मुहम्मद अफजल बाकी के बेटे को सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद कर लिया है।

ढाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट में आग लगी : सभी फ्लाइट्स रोकी गईं

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में आज दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज फैली कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सभी उड़ानों को तुरंत रोकना पड़ा।

मामले में बिमान बांग्लादेश एयरलाइन्स के प्रवक्ता कौसर महमूद ने बताया कि आग लगते ही हवाई अड्डे की दमकल टीम, वायुसेना की फायर यूनिट और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और मिलकर आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।

फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के प्रवक्ता ताल्हा बिन जाशिम ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई है। इनमें बांग्लादेश फायर सर्विस, सिविल एविएशन अथॉरिटी, वायुसेना की दो फायर यूनिट्स और नौसेना की टीमें शामिल हैं।

काला धुआं इतना घना था कि आसपास के इलाकों में हवा खराब हो गई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसमें जहरीली गैसें हो सकती हैं, जिससे आसपास के लोगों को सांस की दिक्कत हो सकती है।

सांविधानिक सुधारों से युवा असंतुष्ट संसद परिसर में किया बवाल

ढाका। राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को लोकतांत्रिक सुधार सुनिश्चित करने वाले जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन युवाओं के भारी विरोध व नवगठित (नेशनल सिटिजन पार्टी-एनसीपी) के विरोध के कारण अंतरिम सरकार का जश्न फीका पड़ गया। हालात यह रहे कि जुलाई चार्टर के सांविधानिक प्रावधानों में अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज युवा प्रदर्शनकारी मुख्य दरवाजे को फांदकर संसद भवन परिसर में दाखिल हो गए और जमकर बवाल काटा। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगे।

खुद को हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले प्रदर्शनकारी बताते हुए युवा शुक्रवार सुबह से ही संसद भवन के पास एकत्र होने लगे थे। वे इस बात पर नाराजगी जता रहे थे कि नए चार्टर में उनकी चिंताओं का समाधान नहीं किया गया है, जबकि हसीना के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह के दौरान उनके कई प्रियजनों की मौत हुई है। देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जब पीछे हटने से इन्कार किया तो पुलिस ने उनको तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया और तेज आवाज करने वाले ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। इस बीच यूनुस ने संसद भवन के बाहर एकत्रित जनसमूह को बताया कि जुलाई चार्टर में हस्ताक्षरों का अर्थ है कि एक नया बांग्लादेश आकार ले रहा है।

'जहां हैं, वहीं रुक जाएं और युद्ध खत्म करें..'

जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद यूक्रेन और रूस से बोले ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। पिछले नौ महीनों में इस युद्ध को लेकर ट्रंप की नाराजगी कई बार सामने आ चुकी है, जब से वह दोबारा राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन इस बार उन्होंने संकेत दिया कि यक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें। बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे (जहां वह

साप्ताहांत बिता रहे हैं), तो उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा। उसी मोर्चे पर रुकें और दोनों पक्ष घर जाएं, अपने परिवारों के पास लौटें, हत्या बंद करें। बस वही होना चाहिए।

ट्रंप का रवैया समय के साथ बदलता रहा है। पहले वह यूक्रेन को जमीन छोड़ने की सलाह दे रहे थे। लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नाराजगी जताई और यूक्रेन की ज्यादा मदद करने की बात करने लगे थे। इसका मतलब है कि ट्रंप की सोच स्थिर नहीं रही। कभी वो यूक्रेन को समर्थन देने की बात करते हैं, तो कभी उसे समझौता करने के लिए कहते हैं।

पिछले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यहां तक कहा था कि उन्हें लगता है यूक्रेन वो सभी इलाके वापस ले सकता है जो उसने फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद खो दिए। यह ट्रंप का एक बड़ा यू-टर्न था, क्योंकि इससे पहले वह कहते थे कि यूक्रेन को शांति के लिए जमीन छोड़नी होगी।

आपकी लगाई आग, आपका ही घर जलाए तो हैरान मत होइए'

पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अफगानी सांसद की धमकी

काबुल। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष विराम चल रहा है, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने चौंकाते हुए डूरंड रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और अफगानिस्तान में हवाई हमला किया। इस हमले में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेटर्स समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इसे लेकर अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया में पाकिस्तान की आलोचना हो रही है। अफगानिस्तान की पूर्व सांसद मरियम सोलायमानखिल ने पाकिस्तान के हमले की कड़ी निंदा की और इसे कायरतापूर्ण और बर्बर हमला करार दिया।

'हिंसा, पाकिस्तानी सेना का तरीका'

सोलायमानखिल फिलहाल अमेरिका में रह रही हैं और उन्होंने एनडीटीवी के साथ बातचीत में पाकिस्तानी हमले को व्यवस्थागत आतंकवाद बताया और पाकिस्तानी सेना को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने पाकिस्तानी हमले को लेकर कहा, 'हमें हैरानी नहीं है। यह हिंसा का वही तरीका है जो आईएसआई और पाकिस्तानी सेना दशकों से भारत और अफगानिस्तान में फैलाती आ रही हैं, लेकिन युवा क्रिकेटरों, बच्चों और महिलाओं को मारे जाते देखना दिल दहला देने वाला है।

'निर्वासित सांसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को धमकी देते हुए कहा कि, 'आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। दशकों से, आपने आतंकवादियों को पाला है और उन्हें हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। जब आपके द्वारा लगाई गई आग आपके ही घर को जला दे, तो हैरान मत होइए।' उन्होंने पाकिस्तानी सेना पर टीटीपी विरोधी अभियानों की आड़ में आम नागरिकों की हत्याएं करने का आरोप लगाया।

'भारत-अफगानिस्तान की साझेदारी से पाकिस्तान खतरा महसूस करता है'

सोलायमानखिल ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा को लेकर कहा, 'जब भी अफगानिस्तान अपने ऐतिहासिक साझेदार भारत के करीब आता है, तो इससे पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान को खतरा महसूस होता है। उनकी पूरी अर्थव्यवस्था ही युद्ध और विनाश पर टिकी है। वे अफगानों और भारतीयों के बीच शांति बर्दाश्त नहीं कर सकते।' सोलायमानखिल ने भारत और अफगानिस्तान दोनों से रावलपिंडी में जन्मी चरमपंथी विचारधारा के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने अफगान लोगों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की तारीफ की और इस बात पर जोर दिया कि हमारी साझा संस्कृति और इतिहास को पाकिस्तान से निर्यातित चरमपंथ को हराना होगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद की सजा माफ की, धोखाधड़ी के लिए हुई थी सात साल की जेल

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सांसद जॉर्ज सेंटो स की सजा माफ की। सेंटोस पर धोखाधड़ी और लोगों की पहचान चुराने के आरोप लगे थे, जिसके चलते उन्हें सात साल से अधिक की जेल हुई थी। सेंटोस ने पिछले साल कबूल किया था कि उन्होंने दान देने वालों (डोनर) को धोखा दिया और अपने चुनावी अभियान के लिए 11 लोगों की पहचान चुराई थी, जिसमें उनके परिवार के लोग भी शामिल थे।

सेंटोस को जुलाई में न्यू जर्सी की एक कम क्षमता वाली जेल में भेजा गया था, जहां करीब पचास कैदी रहते थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि सेंटोस को तत्काल रिहा किया जाएगा। उन्होंने सेंटोस को शुभकामनाएं भी दीं। वहीं, सेंटोस के वकील ने कहा कि पूर्व सांसद का परिवार जेल पहुंच रहा है और उन्होंने उनकी रिहाई के लिए राष्ट्रपति की



कार्रवाई की सराहना की है। जेल प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सेंटोस ने जेल में रहते हुए स्थानीय अखबार में जेल की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट लिखी। हाल ही में उन्होंने ट्रंप से सीधे अपील की कि उन्हें परिवार और समुदाय के पास लौटने का मौका दिया जाए। ट्रंप की ओर से कई रिपब्लिकन नेताओं की सजा पहले माफ की चुकी है। मई में उन्होंने पूर्व सांसद माइकल ग्रिम को भी माफ किया था, जो अपने रेस्तरां में वेतन और आमदनी के गलत तरीके के लिए दोषी पाए गए थे।

लेकिन सेंटोस का मामला अपनी पार्टी के भीतर विवादास्पद रहा है। वह 2022 में सार्वजनिक तौर पर ट्रांसजेंडर रिपब्लिकन सांसद बने। लेकिन जल्द ही उनके जीवन की झूठी कहानी सामने आ गई। उन्होंने दावा किया था कि वह एक सफल व्यवसाय सलाहकार हैं। मगर बाद में पता चला कि उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं की और न ही उन्होंने कथित प्रतिष्ठित कंपनियों में काम किया था। वह यहूदी भी नहीं थे, जैसा उन्होंने बताया था। वास्तव में सेंटोस आर्थिक रूस से तंगी में थे और उन्हें बेघर होने का खतरा था। 2023 में उन पर दाताओं से चोरी, बेरोजगारों से धोखाधड़ी और कांग्रेस (संसद) में झूठ बोलने के आरोप लगे। कुछ ही महीनों में उन्हें प्रतिनिधि सभा से निकाल दिया गया और वह इतिहास के छठे सांसद बने जिन्हें सदस्यों ने हटाया। सेंटोस ने मुकदमे से पहले ही अपना गुनाह कबूल किया। पूर्व सहयोगी सांसद माजोर्री टेलर ग्रीन ने उनके लिए सजा माफी की अपील की थी, जबकि अन्य आलोचक उनके लिए कठोर दंड चाहते थे।

रेड क्रॉस को सौंपा गया इस्राइली बंधक ताबूत, नेतन्याहू के कार्यालय ने की पुष्टि

दीर अल-बलाह। इस्राइल को शुक्रवार को एक और बंधक का शव सौंपा गया है। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमास ने यह शव रेड क्रॉस के जरिये सौंपा गया। शव सौंपकर हमास युद्ध को खत्म करने के लिए जारी संघर्षविराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

बाद में रेड क्रॉस ने यह शव इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। शव को इस्राइल के राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा केंद्र को भेजा गया, जहां से इसकी पहचान की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ही परिजनों की इसकी सूचना दी जाएगी।

हमास की तरफ से शव की पुष्टि

हमास के लड़ाकू संगठन कसम ब्रिगेड ने कहा कि यह शव एक 'कब्जे में लिए गए कैदी' का है। इसका मतलब है कि यह शव किसी इस्राइली नागरिक का है, न कि किसी अन्य देश के बंधक

का। संघर्षविराम समझौते के तहत शवों की वापसी जरूरी है। इसके अलावा, सहायता सामग्री की आपूर्ति, सीमा खोलना और गाजा के पुनर्निर्माण जैसे मुद्दे भी इस समझौते का हिस्सा हैं।

हमास का कहना है कि वह संघर्षविराम के नियमों का पालन कर रहा है और शवों को लौटाने की कोशिश कर रहा है। इस हफ्ते हमास ने इस्राइल को नौ बंधकों के शव सौंपे हैं। एक अतिरिक्त शव भी दिया गया, जिसे इस्राइल ने कहा कि वह बंधक का नहीं था।

इस्राइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि हमास को समझौते के तहत सभी शव लौटाने होंगे। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर हमास सभी शव नहीं लौटाता तो वह इस्राइल को युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देगा।

गाजियाबाद के बाजारों में धनतेरस की बहार दीए और लाइटिंग से मार्किट में आई रौनक



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिवाली के पांच दिवसीय उत्सव की शुरूआत करते हुए, धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को गाजियाबाद के बाजारों में जबरदस्त उत्साह दिखा। लोगों ने शुभ खरीदारी के लिए जमकर भीड़ लगाई।

इस दौरान, घरों को सजाने के लिए पारंपरिक दीयों के साथ-साथ आधुनिक लाइटिंग और डेकोरेटिव आइटम्स की बंपर खरीदारी हुई। ग्राहकों ने रंग-बिरंगी झालरें, डिजाइनर लैंप और अन्य सजावटी सामान खूब खरीदे, जो दिवाली पर घरों को रोशन करेंगे।

पार्षद मदन राय ने दीपावली पर सफाईमित्रों को बांटे उपहार

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने दीपावली के पावन अवसर पर सफाईमित्रों को मिठाई बांटी और स्वच्छता को लेकर शपथ ली। यह आयोजन नगर निगम के प्रति उनकी जिम्मेदारी और समर्पण को दशार्ता है।

इस अवसर पर पार्षद मदन राय ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, और हमें इसे बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस आयोजन में नगर निगम के कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने पार्षद मदन राय के इस प्रयास की सराहना की और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की

धनतेरस पर चमकी चांदी: एक साल में दोगुनी हुई कीमत फिर भी खरीदारों की लगी भीड़:नकुल वर्मा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। धनतेरस पर साहिबाबाद में चांदी की ईंट और सिक्कों की खूब खरीदारी हो रही है। एक साल में चांदी का भाव 95 हजार से बढ़कर 1.78 लाख रुपये प्रति किलो हो गया है। कीमतें दोगुनी होने के बावजूद निवेशक चांदी खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

चांदी की महंगाई ने इस बार पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। बाजार में इस बार चांदी की थाली, मूर्तियों से ज्यादा चांदी की ईंट और सिक्कों की खरीदारी हो रही है। एक साल में सोने का भाव 95 हजार से बढ़कर 1.78 लाख रुपये तक पहुंच गया है। इसके बाद भी खरीदारी चरम पर है। चांदी के दाम लगभग दोगुना होने के बाद भी निवेश लगातार जारी है।

शारदा ज्वेलर्स के संचालक नकुल वर्मा ने बताया कि इस बार ग्राहकों में चांदी के प्रति प्रेम बढ़ा है। आस्था और निवेश दोनों को देखते हुए ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आधा किलो चांदी की ब्रिक 90 हजार के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि पुराना सिक्का 2,150 और नया सिक्का 2100 रुपये में बिक रहा है। वर्ष 2024 में इसकी कीमत 1,100 रुपये थी। नकुल वर्मा ने बताया कि धनतेरस के साथ शनिवार को पांच दिवसीय दिवाली उत्सव की शुरूआत पर बाजार में चहल-पहल का माहौल है। सराफा बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

इस बार कम वजन के सोने-चांदी के सिक्कों के साथ, अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र, कड़े, चूड़ियां, टॉपस गिन्नी व अन्य आभूषणों की अत्यधिक मांग है। कई शोरूम पर ग्राहकों ने एडवांस बुकिंग भी करवाई गई है। लोग अपने आभूषण लेने के लिए शारदा ज्वेलर्स शोरूम पर पहुंच रहे हैं।

जीडीए ने 33 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर, विरोध के बीच हुई कार्रवाई

गाजियाबाद करंट क्राइम। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बसंतपुर सैंतली, नवीपुर और असालतनगर में करीब 33 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही कालोनी की सड़क, बाउंड्रीवाल व साइट आफिस पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। जीडीए के प्रवर्तन जोन-दो के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान ग्राम बसंतपुर सैंतली, नवीपुर बंबा मुरादनगर के खसरा संख्या 555 पर करीब आठ हजार वर्गमीटर, हनुमान मंदिर बंबा रोड शोभापुरझबसंतपुर-सैंथली मार्ग के खसरा संख्या 153 पर आठ हजार वर्गमीटर, ग्राम असालतनगर के खसरा संख्या 86 पर सात हजार वर्गमीटर तथा एक अन्य स्थल पर लगभग आठ हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया।

इस दौरान कालोनाइजर द्वारा इन स्थलों पर सड़क, बाउंड्रीवाल, इंटरलाकिंग टाइल्स, साइट आफिस और बिजली के खंभे लगाकर

अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण की कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माणकताओं ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस व प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही से स्थिति को नियंत्रित कर कार्यवाही की गई।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 ने चेतावनी दी कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई में सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का पूरा स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता शामिल रहा। जीडीए अधिकारियों ने बताया कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा में लेखपाल और सहयोगी 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नोएडा (करंट क्राइम)। भ्रष्टाचार निवारण संगठन मेरठ की टीम ने जनपद गौतम बुद्ध नगर में तैनात एक लेखपाल को और उसके एक सहयोगी को एसडीएम दादरी के आवास के बाहर से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज हुआ है। आज दोनों को एंटी करप्शन न्यायालय मेरठ में पेश किया जा रहा है।

एंटी करप्शन मेरठ के प्रभारी निरीक्षक मयंक अरोड़ा ने बताया कि 15 अक्टूबर को महेश चंद शर्मा पुत्र हर्ष स्वरुप शर्मा निवासी गांव धूम मानिकपुर ने एंटी करप्शन मेरठ में शिकायत की की उसकी जमीन की पैमाइश करने और उसके पक्ष में रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल दर्शन कुमार एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है। पीड़ित के अनुसार वह रिश्वत देना नहीं चाह रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एक टीम बनाकर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि

लेखपाल की आम छवि ठीक नहीं है, तथा वह बिना रिश्वत लिए किसी का काम नहीं करता है। उन्होंने बताया कि टीम की रिपोर्ट पर एक विशेष टीम बनाकर लेखपाल को ट्रैप करने की योजना बनाई गई। उन्होंने बताया कि लखनऊ मुख्यालय से आदेश प्राप्त करने के बाद 17 अक्टूबर को टीम ने जनपद गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी से मुलाकात की ,तथा पूरे प्रकरण की जानकारी दी।

जिला अधिकारी ने दो स्वतंत्र गवाहों को उपलब्ध करवाया। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर की रात को पीड़ित के साथ टीम के लोग लेखपाल को ट्रैप करने के लिए पहुंचे। पीड़ित ने लेखपाल को फोन किया तो उसने कहा कि वह दादरी एसडीएम के आवास पर है। वहां पर पीड़ित रिश्वत के पैसे लेकर पहुंचा। जिसमें पहले से टीम ने स्वतंत्र साक्षी गणों के सामने नोटों पर फिनाफ्थलीन के पाउडर लगाकर ट्रीट कराया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी लेखपाल पीड़ित के फोन करने पर एसडीएम के घर से बाहर आया तथा उसने पीड़ित से कहा कि आज मैं बहुत व्यस्त हूं। दीपावली की गिफ्ट बांटने के लिए एसडीएम साहब के साथ जाना है। तुम जल्दी करो तथा रिश्वत के पैसे मेरे सहयोगी को दे दो और दस्तावेज मुझे दे दो।

जब पीड़ित लेखपाल को पैसे देने लगा तो उसने कहा कि मैं अपने सहयोगी मोहसिन खान पुत्र जमील को बुला रहा हूं। आप पैसे उसे दे दो तथा दस्तावेज हमें दे दो। उन्होंने बताया कि जब पीड़ित ने मोहसिन को पैसे और लेखपाल दर्शन कुमार को दस्तावेज दिया उसी समय एंटी करप्शन की टीम ने उसे पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि इनके पास से रिश्वत के रूप मे ली गई नगदी आदि बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि लेखपाल की कार कि जब तलाशी ली गई तो उसमें से चार लाख 71 हजार रुपए नगद और अन्य दस्तावेज आदि प्राप्त हुए हैं। बताया जाता कि मोहसिन खान लेखपाल के लिए प्राइवेट एजेंट के रूप में काम करता है। उन्होंने बताया कि आज दोनो आरोपियों को भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 12 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने सफाई मित्रों को दीपावली पर किया सम्मानित

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। रामप्रस्थ वार्ड 97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने सफाई मित्रों को सराहना के तौर पर माल्यार्पण, मिठाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस प्रकार के सम्मान से उनके अच्छे काम को मान्यता मिलती है और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने वार्ड के सफाई मित्रों को दीपावली पर मिठाई देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पर हमेशा तैयार रहते हैं और उनके इस समर्पण को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है।

यह आयोजन वार्ड की स्वच्छता और सफाई के प्रति पार्षद की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और वे अपने काम को और भी बेहतर तरीके से करने के लिए प्रेरित होते हैं।

दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन आज मंत्री नरेंद्र कश्यप करेंगे सभी से भेंट

गाजियाबाद, करंट क्राइम : दीपावली के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने आवास पर दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम शनिवार 19 अक्टूबर को आयोजित होगा।

कार्यक्रम का समय सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। यह स्नेह मिलन कार्यक्रम संजय नगर सेक्टर-23, गाजियाबाद स्थित मंत्री नरेंद्र कश्यप के आवास पर होगा, जहां वे स्वयं उपस्थित रहकर लोगों से मुलाकात करेंगे और दीपावली की शुभकामनाएं साझा करेंगे।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के लोगों के बीच पारस्परिक स्नेह, सौहार्द और संवाद को और मजबूत करने का एक अवसर है। उन्होंने सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और समर्थकों से इस अवसर पर पहुंचने का आग्रह किया है।

आमंत्रण में उन्होंने लिखा है कि आप सभी से दीपावली मिलन के लिए अपने आवास संजय नगर सेक्टर 23, गाजियाबाद पर आप सभी के बीच उपस्थित रहूंगा। आप सभी सादर आमंत्रित हैं। दीपावली के इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, पार्टी पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना है।

रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफास, मुठभेड़ में एक गिरफ्तार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पदार्फाश किया। एक अभियुक्त मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार हुआ। उसके पास से हथियार, कारतूस, मोबाइल और बाइक मिली। ठेकेदार से एक लाख रुपये रंगदारी मांगी जा रही थी। घायल आरोपी को अस्पताल भेजा गया।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने रंगदारी मांगने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से अवैध हथियार, कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी थाना वेव सिटी में दर्ज रंगदारी से संबंधित एक मुकदमे के संबंध में हुई है।

थाना ट्रोनिका सिटी के पचायरा खनन प्वाइंट पर चल रहे खनन पट्टे के ठेकेदार से लगातार रंगदारी मांगी जा रही थी। मण्डोली जेल, दिल्ली में बंद कुख्यात अपराधी दीपक और उसके साथी ठेकेदार पर दबाव बना रहे थे कि वह दीपक के अनुसार अपनी रेत की

गाड़ियां भरवाए और प्रतिमाह एक लाख रुपये रंगदारी के तौर पर दे। रंगदारी न देने पर ठेकेदार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। इस संबंध में ठेकेदार द्वारा थाना वेव सिटी पर दीपक, कैलाश और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्वाट टीम, अपराध शाखा और अन्य टीमों को इस प्रकरण में लगाया गया था। इसी क्रम में, दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को स्वाट टीम गाजियाबाद और थाना टीला मोड पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लोनी भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी कैलाश ने पूछताछ में बताया कि उसका रिश्तेदार, दीपक, जो मण्डोली जेल, दिल्ली में बंद है, ने उसे फोन कर ठेकेदार से रंगदारी वसूलने और दीपक के हिसाब से रेत की गाड़ियां भरवाने का निर्देश दिया था। कैलाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठेकेदार को धमकी दी और दीपक के अनुसार काम करने व प्रतिमाह एक लाख रुपये रंगदारी देने के लिए कहा। यह भी प्रकाश में आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त ने दीपक के कहने पर अन्य लोगों से भी रंगदारी वसूली है, जिसकी जांच की जा रही है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल .32 बोर, एक जिंदा कारतूस .32 बोर, तीन खोखा कारतूस .32 बोर, घटना से संबंधित एक वीवो मोबाइल फोन और एक स्पलेन्डर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त कैलाश पुत्र स्व. चन्द्रपाल, निवासी ग्राम अगरौला, थाना ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद (उम्र करीब 40 वर्ष) के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

कौशांबी शिवालिक टावर में दीपावली महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी स्थित शिवालिक टावर में दीपावली महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे। टावर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष लता सिंघल जी और उनकी टीम द्वारा पार्षद का स्वागत किया गया। पार्षद द्वारा सभी लोगों को दीपावली की हार्दिक बधाई और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर ललित गुप्ता, शिवराम, राजेश मल्होत्रा, गीता महेश्वरी, अभिषेक, संदीप, आनंद, अर्चना शर्मा, धीरज जैन, दीपक गुटगुटीया, प्रियंका, मनीषा, राजन सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बिना लाइसेंस मिठाई बना रहे दुकान को कराया बंद, 300 किलो रसगुल्ले कराए नष्ट

गाजियाबाद करंट क्राइम। निडोरी गांव में बिना लाइसेंस के ही मिठाई बनाने का कार्य करने का पदार्फाश हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारा तो विनिर्माण परिसर में गंदगी मिली। मिठाइयों पर मक्खी और चीटियां मिलीं। विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए विनिर्माण परिसर को बंद करा दिया है। इसके साथ ही 300 किलो रसगुल्ले और 25 किलो मिठाई भी नष्ट कराई है।

जिला अभिहित अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि निडोरी में तवारीख के मिठाई विनिर्माण परिसर पर छापामारी की गई। इस दौरान 2,500 किलो मिठाई का भंडारण मिला। मानकों के अनुरूप न होने के

कारण रसगुल्ला, बेसन की बूंदी, रंगीन रसगुल्ला, खोया, मिल्क केक, गुलाब जामुन का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया।

इस दौरान 300 किलो सफेद रसगुल्ला और 25 किलो काजू बर्फी को अस्वच्छ भंडारण होने के कारण नष्ट कराया गया है। इसके अलावा खोड़ा की महालक्ष्मी कालोनी में अलीगढ़ के पिसावा में रहने वाले रमेश चंद द्वारा लाया गया 110 किलो पनीर और अलीगढ़ के चंदौस से मोहम्मद अबरार द्वारा लाया गया 360 किलो पनीर को जब्त कर नष्ट कराया गया है।

डिब्बे सहित तौल रहे मिठाई का वजन, लगाया जुमार्ना

मुनाफे के चक्कर में त्योहार के अवसर पर बाजार में बिक रहे उत्पाद के वजन में घटतौली भी की जा रही है। इसे रोकने के लिए माप तौल विभाग ने चेकिंग तेज कर दी है। निरीक्षक ज्योति सती ने बताया कि रामनगर स्थित किराना मंडी में उन्होंने तौल उपकरणों की जांच की तो पता चला कि पिछले 20 साल से कांटों (तौल उपकरण) की स्टांपिंग नहीं कराई गई है। ऐसे में दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया है।

इसके अलावा नेहरू नगर , लोहिया नगर में मिठाई की दुकानों पर चेकिंग की गई तो पता चला कि दुकानदार डिब्बे के साथ मिठाई का वजन तौल रहे थे। दुकानदार सौ से 150 ग्राम तक कम मिठाई ग्राहकों को बेच रहे थे। पांच दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि त्योहार के अवसर पर चेकिंग अभियान को तेज किया गया है। दुकानदारों से कहा गया है कि तौल उपकरण पर स्टांपिंग अवश्य करा लें, मिठाई के तौल में

आरकेजीआईटी में जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

गायिजाबाद (करंट क्राइम)। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाज़ियाबाद में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा आयोजित जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का समापन शुक्रवार को सफलता पूर्वक हुआ। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव 16 व 17 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें 21 महाविद्यालयों के लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सुभाष वर्मा, उप कमांडेंट (सेवानिवृत्त), बीएसएफ एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं, जिन्हें प्रत्येक खिलाड़ी को अपनाना चाहिए। समापन समारोह में वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच. जी. गर्ग, तथा जोनल कोऑर्डिनेटर आलोक त्यागी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दीं और खिलाड़ियों की मेहनत एवं खेल भावना की सराहना की।

खेल प्रतियोगिताओं में आर.के.जी.आई.टी. ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी (बॉयज व गर्ल्स), खो-खो (बॉयज व गर्ल्स) और वॉलीबॉल (बॉयज) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि के.आई.ई.टी. की टीमों ने वॉलीबॉल (गर्ल्स) और बास्केटबॉल (बॉयज व गर्ल्स) में विजयी प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस सफल आयोजन के माध्यम से आर.के.जी.आई.टी. ने न केवल उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द्र के मूल्यों को भी प्रोत्साहित किया।